# आईजीएल की परियोजना को हरी झंडी

## 500 लोगों को मिलेगा रोजगार



**गीडा, गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के इन्वेस्ट यूपी कार्यक्रम के तहत औद्योगिक विकास को एक नई गति मिली है। राज्य सरकार ने इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड की नई अनाज आधारित आसवनी और विद्युत संयंत्र के विस्तारीकरण की परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस कदम से न केवल प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार सृजन की दिशा में भी यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आईजीएल के बिजनेस हेड एस.के. शुक्ल ने बताया कि इस विस्तार से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 500 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध होंगे और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियाँ भी तेज होंगी। यह परियोजना केवल औद्योगिक उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से कौशल विकास, सहायक उद्योगों और सेवा क्षेत्रों में भी नए अवसर पैदा होंगे, जिससे समग्र क्षेत्रीय विकास को मजबूती मिलेगी। सरकारी अधिकारियों का मानना है कि इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से राज्य में तैयार हुआ निवेश अनुकूल वातावरण आज उद्योगों को आकर्षित कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार और निवेशकों के बीच का यह तालमेल न केवल आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि स्थानीय समाज के जीवन स्तर में भी सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। यह चयन स्पष्ट करता है कि प्रदेश सरकार विकास और रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही पर 50 बेड के अस्पताल का भव्य उद्घाटन

- इलाज के लिए अब मरीजों को दूर नहीं जाना पड़ेगा : ई. सरवन निषाद

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील के विकासखण्ड ब्रह्मपुर के ग्राम सभा बरही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नवनिर्मित 50 बेड के अस्पताल का भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री व बांसगांव सांसद कमलेश पासवान द्वारा फीता काटकर किया गया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चौरीचौरा विधायक इंजीनियर सरवन निषाद उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कई जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



मुख्य अतिथि कमलेश पासवान ने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। और सरकार का उद्देश्य हर व्यक्ति तक सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने का व्यापक कार्य हुआ, । जिसका परिणाम आज ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। विधानसभा चौरीचौरा के विधायक ई0 सरवन निषाद ने कहा कि अस्पताल के शुरू होने से ग्रामीणों को अब इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने भविष्य में और सुविधाएं बढ़ाने की बात भी कही।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा कि जांच व उपचार की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग लगातार जनहित में सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है। वहीं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सभापति शिवेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और रक्तदान जीवनदान के समान है। ऐसे शिविर समाज में जागरूकता बढ़ाते हैं और जरूरतमंदों को समय पर सहायता उपलब्ध कराते हैं।कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। साथ ही 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मरीजों को निक्षय पोटली वितरित की गई। मिशन शक्ति के अंतर्गत किशोरियों को पिंक कार्ड व सेनेटरी पैड दिए गए तथा स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। उक्त अवसर पर ब्रह्मपुर ब्लाक प्रमुख सुमन यादव, पीएचसी ब्रम्हपुर डॉ ईश्वरलाल व कोना प्रधान प्रतिनिधि अरविंद पासवान,जिला मंत्री सुग्रीव तिवारी, मंडल महामंत्री संतोष मोदनवाल, जिला पंचायत सदस्य सुनील गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## गुरूतेग बहादुर का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया



इटावा। गुरूद्वारा गुरूतेग बहादुर में गुरूतेग बहादुर का प्रकाशोत्सव श्रद्धा, उल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रकाशोत्सव मनाने की तैयारियॉ जोरों शोरों से चल रही थी, जिसमें शबद कीर्तन का गायन और साथ में 34 परिवारों द्वारा दिसंबर में गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ प्रारम्भ हो गये थे, जिसका कि समापन हुआ। मंगलवार को गुरूपर्व पर गुरूद्वारा में सुबह से ही माथा टेकने वाले भक्तों,स्त्री व बच्चों का तॉता लगा रहा, गुरूतेग बहादुर सहिब के प्रकाश पर्व पर सभी समुदाय के लोगों ने गुरूद्वारा आकर माथा टेका और आपसी भाईचारे व एकता का सन्देश दिया। गुरूद्वारा कमेटी गुरूसिंह सभा गुरूद्वारा गुरमति प्रचार सभा के अध्यक्ष सरदार तरनपाल सिंह कालरा ने अपने सम्बोधन में बताया कि गुरूतेग बहादुर साहस, त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे, गुरू ने सर्व समाज के उत्थान के लिये काम किया और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा दी। गुरूद्वारा के मुख्य ग्रन्थी गुरदयाल सिंह व साथियों ने कीर्तन तथा अन्य विद्वानों कथावाचकों ने प्रवचन द्वारा संगत को निहाल कर दिया। बच्चों के ग्रुप के द्वारा बहुत ही प्रभावित करने वाला समूह गुरवाणी गायन किया गया। मुख्य ग्रन्थी भाई गुरदयाल सिंह ने कहा कि गुरूतेग बहादुर का पैगाम जन-जन सम्पूर्ण विश्व के कल्याण के लिये था,हमें गुरूओं के बताये मार्ग व आदर्शों पर चलना चाहिये। गुरूद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरनपाल सिंह कालरा एवं समस्त पदाधिकारियों ने सभी श्रद्वालुओं, स्त्री सत्संग, अखण्ड पाठ साहिब की सेवा करवाने वाले परिवार मंजीत सिंह छावड़ा, किरन छावड़ा तथा 34 गुरु ग्रंथ के सहज पाठ करने वाले परिवारों व लंगर बनाने की सेवा करने वाले परिवारों तथा समूह साध-संगत का सहयोग के लिये हार्दिक धन्यवाद दिया तथा गुरूपर्व की सभी को लख लख बधाई दी।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता प्रदर्शनी आयोजित

## फातिमा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के छात्रों ने लगायी प्रदर्शनी

चरगांवा, गोरखपुर। फातिमा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज गोरखपुर के तत्वावधान में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नर्सिंग कालेज परिसर में एक भव्य स्वास्थ्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में डायलिसिस, कोरोनरी आर्टरी डिजीज रेटिनोपैथी, ब्लड सकुर्लेटरी सिस्टम, स्मार्ट स्लाइड अंबिलिकल कॉर्ड एवं प्लेसेंटा, डाइजेस्टिव सिस्टम, सेरेब्रोवैस्कुलर एक्सीडेंट, फीटो-प्लेसेंटल सकुर्लेशन तथा मैकेनिज्म ऑफ लेबर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना गीत से हुई। इसके पश्चात फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रिंसिपल डॉ. एस्पिन आर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि ह्लस्वास्थ्य शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से ही हम एक सशक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते



हैं। इस प्रकार की प्रदर्शनी छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करती है और उनकी समझ को और अधिक सुदृढ़ बनाती है। प्रदर्शनी की थीम प्रस्तुति के दौरान छात्रों ने पोषण, हृदय स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, रोगों की रोकथाम एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल, चार्ट और लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी, जिसे आगंतुकों ने सराहा।

मुख्य अतिथि डॉ ए0 ए0 खान, मेडिकल डायरेक्टर, ललित नारायण मिश्र रेलवे हॉस्पिटल ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में वैज्ञानिक सोच और प्रामाणिक चिकित्सा विधि अपनाना अत्यंत आवश्यक है। युवा स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका समाज को सही दिशा देने में निर्णायक है। उन्होंने छात्रों की रचनात्मकता और मेहनत की प्रशंसा की।

फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डॉ. संतोष सेबास्टियन ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। प्रगतिशील समाज के लिए शिक्षा, सेवा और विज्ञान एक साथ आना आवश्यक हैं तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होता है। फातिमा संस्थान सदैव सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस अवसर पर प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि, निदेशक एवं प्राचार्या द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में सावित्री नर्सिंग कॉलेज, शंकर नर्सिंग कॉलेज तथा बुद्धा पैरामेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। विभिन्न संस्थानों के छात्रों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बनाया। संगोष्ठी में कॉलेज के शिक्षक/ शिक्षिका गण और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## सपा जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक सम्पन्न



इटावा। सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिलाकोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पार्टी से प्राप्त पत्रों को पढ़कर सुनाया गया, एवं उनके परिपालन हेतु उपस्थित पदाधिकरियो को दिशा निर्देश दिए गए स जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर 14 अप्रैल को सुप्रसिद्ध, अर्थशास्त्री राजनेता और समाज सुधारक संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर पर धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। बैठक के.पी. शाक्य, उदयभान सिंह यादव, सर्वेश शाक्य, अनवार हुसैन, रवींद्र शुक्ला, आशीष राजपूत, लालू पाल, अनिल प्रताप यादव, मालती यादव, सीमा पाल, सत्यवती यादव, डीपी सिंह, प्रवीण कुशवाहा, अवधेश सविता, देवेंद्र भदोरिया, राकेश यादव रामउपुर, उमेश राजपूत दुल्ले, रामनरेश यादव, जय सिंह चैहान, नितिन यादव, निवेश यादव, रामवीर सिंह यादव, छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवि यादव विधायक, नरेंद्र पाल, आदित्य गोविंद यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फरहान शकील, व्यापार सभा जिला अध्यक्ष राजीव चंदेल, अमित कठेरिया, डॉ. आशीष दीक्षित, राजेंद्र निराला, राहुल गुप्ता आदि ने विचार रखें।

# 25 हजार रुपये का इनामी लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में घायल, 6 गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। पुरवा पुलिस एसओजी और सर्विलांस टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई में लूट की घटना का खुलासा किया है पुलिस ने इस मामले में 25 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर सहित गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है पुलिस मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस चोरी की मोटरसाइकिल और लूटा गया माल बरामद किया है यह कार्रवाई 25 फरवरी 2026 को ग्राम भूपतिपुर निवासी महेश कुमार द्वारा थाना पुरवा में दर्ज कराई गई। शिकायत के बाद की गई महेश कुमार ने बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने उनकी पत्नी से नगदी और जेवर से भरा हैंडबैग लूट लिया था। घटना के खुलासे के लिए थाना पुलिस एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया था। सोमवार रात को संयुक्त टीम पुरवा-अचलगंज मार्ग स्थित शारदा नहर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए पुलिस द्वारा रोकने का इशारा करने पर वे भागने लगे और पीछा करने पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी जवाबी कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक द्वारा की गई फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई घायल आरोपी की पहचान इरफान अहमद 34 वर्ष निवासी ताड़बगिया जाजमऊ, कानपुर नगर के रूप में हुई जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था दूसरे आरोपी प्रेम सिंह 26 वर्ष निवासी फिरोजाबाद को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ में इरफान ने लूट की घटना स्वीकार करते हुए बताया कि उसने चोरी की अपाचे बाइक से वारदात को अंजाम दिया था गिरोह के सदस्य चोरी की बाइकों को काटकर कबाड़ के रूप में बेच देते थे जबकि लूटे गए जेवर को गलाकर ज्वैलर्स के माध्यम से बेचा जाता था पुलिस ने इरफान की निशानदेही पर जमीलुद्दीन सादाब विपिन जायसवाल अब्दुल मजीद और ज्वैलर्स फाजिल उर्फ लकी को भी गिरफ्तार कर लिया इनके कब्जे से 250 ग्राम सफेद धातु हाफ पेटी बरामद हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी इरफान शातिर लुटेरा है और विभिन्न जिलों में लूट व चोरी की कई घटनाओं में वांछित रहा है वह गुरुग्राम में रहकर मजदूरी करता था और समय समय पर उन्नाव आकर वारदातों को अंजाम देता था।

## माकपा व किसान सभा ने डीएम के समक्ष जनमांगों को उठाया



इटावा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एवं किसान सभा ने किसान सभा के प्रांतीय नेता मुकुट सिंह के नेतृत्व में डीएम एवं एडीएम से अलग-अलग बैठकर जनहित के मुद्दों को उठाया। प्रशासन ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुकुट सिंह ने बताया कि बेमौसम बर्षात, आंधी, औलाबृष्टि से फसलों को हुई क्षति के प्रभावितों को तीस हजार रुपये मुआवजा, फसल बीमा तथा गेहू के सरकारी क्रय केंद्रों का संचालन कराने की मांग उठाई गई। मांग पत्र देकर बताया गया कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एंट्री और टोल टैक्स के लिए 2017 में प्रशासन ने शीघ्र भुगतान का वादा कर भूमि ली गई, किन्तु अभी तक एक पैसा भी मुआवजा न देना किसानों के साथ विश्वासघात है। अभी भी न सुनाई हुई तो आंदोलन हाईकोर्ट का सहारा लिया जाएगा। माकपा प्रतिनिधि मंडल ने शहर के मुख्य नाले की सफाई की मांग उठाते हुए बताया कि ईद के दिन मेवाती टोला व उर्दू मोहल्ले में नाला चैक होने से गंदा पानी घरों में भर गया। बच्चे, महिलाएं घरों में ही कैद रहे। नाला का जल निकास अरविंद पुल के नीचे सकरा है, जो कूडा-करकट बेस्ट मटेरियल से चैक हो जाता है। पिछले वर्ष एक बच्ची के डूबने से जान चली गई। मांग पत्र में अरविंद पुल के नीचे जल निकास चैड़ा कराने, नाला की सफाई और बेस्ट मटेरियल न डालने के लिए जनजागरण चेतावनी बोर्ड लगवाने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल में माकपा के अमर सिंह शाक्य, प्रेमशंकर यादव, डाक्टर शौकीन सिंह, किसान सभा के जिला अध्यक्ष रामबृजेश यादव, जिलामंत्री संतोष शाक्य, सचिव मंत्री संतोष राजपूत, शिववचन उर्फ बच्चू, डीवाईएफआई के जिला मंत्री मोनू यादव, जगदीश एवं राजेन्द्र बाबू शामिल थे।

### एसएसपी आवास में 5 फीट लंबा सांप मिला

इटावा। दो दिन बारिश के चलते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आवास परिसर में बने खरगोशों के बाड़े के पास करीब 5 फीट लंबा घोड़ा पछाड़ सांप पहुंच गया।

## आपसी कहासुनी में दो पक्ष आपस में भिड़े

पाटन उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के पाटन चैकी अंतर्गत पुरंदरपुर गाँव में घर के बंटवारे को दो पक्षों में आपसी कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को शांति भंग की धाराओं में कोर्ट भेज दिया ळें बिहार थाना क्षेत्र के पुरंदरपुर निवासी दो सगे भाइयों सरवन पुत्र श्रीराम व शनी देवल पुत्र श्रीराम से मंगलवार को घर के बंटवारे को लेकर आपसी कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।

## अच्छे परिणाम लाने पर छात्रों को सम्मानित किया



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सूसूमऊ में कक्षा पाँच उत्तीर्ण करने वाले कुल 11 छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षा परिणाम के साथ-साथ पुरस्कृत भी किया गया। बच्चों की इस उपलब्धि पर अभिभावकों और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अनीता, अभिभावक गेंदेलाल कुशवाहा, अमित सिंह सहित विद्यालय की इंचार्ज शिक्षिका ज्योति मिश्रा, सहायक शिक्षक शिव प्रताप सिंह, रसोइयां एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

**सूचना**

मेरे पुत्री के आधार कार्ड पर त्रुटिवश उसका नाम इलमा रेदा अंकित हो गया है जबकि उसके शैक्षणिक प्रमाण पर आयरा (AAYRA) दर्ज है जो कि सत्य व सही है। उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सुल्तान अहमद पुत्र अब्दुल रउफ ग्राम शम्भूपुर गहजी पोस्ट-थाना अहरौला बूढ़नपुर जिला-आजमगढ़।

## युवक की कंप्रेशर से मौत साथी पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

मौरावां (वीओएल)। थाना क्षेत्र के केशरी खेड़ा गांव निवासी 20 वर्षीय पवन गौतम की सिकंदराबाद में एयर कंप्रेसर से मौत हो गई इस मामले में सिकंदराबाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पवन लगभग एक वर्ष पहले परिवार के भरण पोषण के लिए सिकंदराबाद शहर की एक कंपनी में मजदूरी करने गया था घटना 5 अप्रैल को लेबर रूम में काम करते समय हुई जब उसके साथी साई कुमार ने कथित तौर पर एयर कंप्रेसर की पाइप उसके गुप्तांग में डाल दी इससे पवन गंभीर रूप से चोटिल हो गया। साथ काम कर रहे अन्य साथियों ने पवन को तुरंत एक निजी अस्पताल पहुंचाया हालांकि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।पवन की मौत के बाद उसके छोटे भाई अमन को सूचना दी गई, जो उसी कंपनी में काम करता था अमन ने बताया कि ठेकेदार ने उसे 50 हजार रुपये देकर शहर में ही अंतिम संस्कार करने की शर्त रखी थी अमन ने अपने भाई का पार्थिव शरीर पैतृक गांव केशरी खेड़ा पहुंचाया गांव में शव पहुंचते ही परिजनों में शोक का माहौल छा गया। मृतक पवन चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था उसके परिवार में माता चंद्रकली भाई सरवन और अमन तथा बहन आसमी हैं सिकंदराबाद पुलिस ने आरोपी साई कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 गैर इरादतन हत्या के तहत मामला दर्ज किया है।

**न्यायालय सूचना**

H. C. J. Form No. 33 Part-7
एच. सी. जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7
हेतु संदर्षित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) महोदय कादीपुर
कम्प्यूटराइज्ड बाद सं.-
T202504680406262
अन्तर्गत धारा 134 रा. सं. उ.प्र.
ता. पेशी 10.14.2926
राम मिलन ........वादी
बनाम
हरीराम आदि ........प्रतिवादी
1. हरीराम सुत राजमनि
2. पवन कुमार उर्फ सोनू सुत हरीराम
नि. ग्राम धनअपुर, परगना-अल्देमऊ, तहसील कादीपुर, जिला-सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित .................ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है .......... अतः एवं आपको एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 200 के दिवस को पूर्वाह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 200 कि दिवस को निकाली गयी।

न्यायालय

# प्रवेश उत्सव में बीईओ ने किया प्रतिभाओं का गौरवपूर्ण अभिनंदन



उन्नाव। विकासखंड औरास के प्राथमिक विद्यालय करौदीं में नवीन प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह उल्लासपूर्ण वातावरण और सांस्कृतिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एकल गायन, ह्लहम वक्त बदल देंगेह्व, ह्लरंगीलो मारो ढोलनाह्व तथा योगा थीम पर मनोहारी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी यादव ने बीईओ के समक्ष विद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक उपलब्धियों का विस्तृत विवरण रखा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित कराया गया। समारोह में उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा के प्रतिभाशाली खिलाड़ी खुशी और उपासना को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं खेलों में उच्च स्तरीय उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जो कार्यक्रम का केंद्रबिंदु रहा। रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक प्रदीप वर्मा ने इसे विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत उच्च कक्षाओं में नामांकन बढ़ाने हेतु अभिभावकों से रामपुर गढ़ौवा में प्रवेश दिलाने की अपील की, जबकि नोडल संकुल धर्मेंद्र सिंह ने भी अभिभावकों को प्रेरित किया। बीईओ ने कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यालय में संचालित नवाचारी गतिविधियों की सराहना की। विद्या सागर मिश्र ने अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को लेखन-पट्ट भेंट किए। एआरपी शिखा सिंह, मनीष मिश्र एवं पूनम ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत संपन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को पौध भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री अनिशा, पंचायत सदस्य मधु, पूर्व एआरपी इम्तियाज, शिक्षक उमेश, सचिन, अजय गंगवार, जागृति सहित ग्राम प्रधान अनीस अहमद, कई अन्य जनप्रतिनिधि, अभिभावक, विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा चौपाल व वार्षिकोत्सव का आयोजन



असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के चैपाई गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत शिक्षा चैपाल, स्कूल चलो अभियान एवं वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी असोहा आंचल सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिनकी पहल से क्षेत्र में शैक्षिक गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है। प्रधान शिक्षक मुकेश शुक्ला द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा नवीन नामांकन अभियान को प्रभावी रूप से ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह की सक्रियता और कार्यकुशलता की ग्रामीणों व शिक्षकों ने सराहना की। उनके प्रयासों से विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अनिल सिंह द्वारा मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की कर्मठता, अधिकारियों की कार्यकुशलता, शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा और बच्चों की प्रतिभा ही एक सशक्त समाज और राष्ट्र की आधारशिला है। शिक्षा चैपाल के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों के नियमित नामांकन एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भगवती रावत, ब्लॉक प्रमुख आनंद गुप्ता, आनंद रावत, देशराज, संदीप द्विवेदी, अरविंद शुक्ला, रणंजय सिंह, धर्मेंद्र यादव, उमेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, रामकरन मौर्य, धर्मपाल सिंह, अरुण कुमार, महेंद्र पाल, शिव शंकर श्रीवास्तव, अनामिका भारती, नीरज पटेल सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव के बाद ही होंगेः गोपाल

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली देखकर लगता नहीं कि पंचायत चुनाव समय से होंगे। अखबारों और टीवी चैनलों में भी यही बताया जा रहा है कि पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव के बाद ही होंगे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने कहा कि यदि ऐसा होता है तो ये लोकतंत्र के चैखम्भा राज की अवधारणा के विपरीत होगा। सांसद और विधायक हर गाँव हर गली तक नहीं पहुंच सकते हैं क्योंकि क्षेत्र बड़ा होता है लेकिन गांव का प्रधान अपनी ग्राम पंचायत के हर गांव,हर गली और हर आदमी तक पहुँच सकता है, उनकी समस्याओं को निस्तारित कर सकता है या अपने सांसद, विधायक और थाना या कचहरी से करवा भी सकता है। इसीलिए ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों का गठन भी किया जाता है। मुझे लगता है कि उत्तर प्रदेश सरकार के पास ये इनपुट है कि पंचायत चुनावों में भाजपा बुरी तरह से हारने जा रही है और इसका असर विधानसभा चुनावों पर भी पड़ेगा इसलिए भाजपा सरकार पंचायत चुनाव करवाने में हीला हवाली कर रही है ।लेकिन ये पंचायत चुनाव यदि टाले जाते हैं तो ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा क्योंकि ये चुनाव आम जनता का चुनाव होता है ।फिर जनता इन्हें सबक भी सिखाएगी।

## खून के संक्रमण से 19 वर्षीय युवती की मौत

जसवंतनगर, इटावा। नगर क्षेत्र के मोहल्ला फक्कड़पुरा इमली के पास निवासी 19 वर्षीय युवती नाहिद पुत्री मुस्ताक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। नाहिद की तबीयत अचानक बिगड़ने पर परिजनों ने उसे 3 अप्रैल को सैफई स्थित पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा था। हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उसे बचाने के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन उसकी इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों के मुताबिक, नाहिद खून में संक्रमण ब्लड इंफेक्शन की गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। अचानक बिगड़ी तबीयत के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है।

**जनता इण्टर कालेज, अम्बारी-आजमगढ़**

पत्रांक : मेमो-01-2026-27 दिनांक :- 07/04/2026

**सूचना**

सोसाइटी जनता जूनियर हाईस्कूल अम्बारी, आजमगढ़ के साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि जनता इण्टर कालेज अम्बारी आजमगढ़ के प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों का चुनाव 03/05/2026 दिन रविवार को संस्था मुख्यालय पर सम्पन्न होगा। **चुनाव कार्यक्रम**-नामांकन दिनांक 03/05/2026 समय 11 बजे से 12 बजे तक। नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक। मतदान दिनांक 03/05/2026 को दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक। निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों की घोषणा एवं शपथ।

प्रबन्धक
जनता इण्टर कालेज अम्बारी
आजमगढ़

संक्षेप

## मोमोज खाने पर फूड प्वाइजनिंग से बच्चे की मौत

पसगवां खीरी। मोमोज खाने से 10 वर्षीय मासूम की अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल जहां उसकी मौत हो गई है।जानकारी के अनुसार जनपद लखीमपुर के नगर पंचायत बरबर में सनसनीखेज घटना सामने आयी है जहां के रहने वाले 10 वर्षीय मासूम हस्नेन पुत्र साहिल की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। हस्नेन के पिता ने बताया कि रविवार को शाम मेरा पुत्र पास की मार्केट में मोमोज खाने गया था जहां से वापस घर आने के बाद लगातार उसे उल्टी - दस्त और बेचैनी होने लगी देखते ही देखते बच्चे की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई जिससे परिजन बेहद घबरा गए और उसे तत्काल इलाज के लिए नगर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसकी गंभीर हालत नाजुक देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए तुरंत मोहम्मदी के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज शुरू होने से पहले उसकी मौत हो गई बच्चे की मौत की खबर सुनते ही परिजनों ने कोहराम मच गया जहां से लौटते लौटते घर में लोगों की काफी सख्या में भीड़ एकत्र हो गई जिसके बाद दिन सोमवार को मृतक हस्नेन का अंतिम संस्कार किया गया इस घटना से नगर व मोहल्ले के लोग स्तब्ध रहे गए उन्होंने बताया हस्नेन पढ़ाई में अधिक रुचि रखने बाला बच्चा था वह मदरसे में कक्षा दो का छात्र था इसके साथ पढ़ने वाले बच्चे,मित्रो और परिचितों में भी काफी दुख देखा गया है। इधर घटना के बाद नगर की सभी मोमोज की दुकान बंद दिखी बही यह के लोगों में अपने अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है कई लोगों ने बाहर से मिलने वाले फास्ट फूड की चीजों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से जांच करने की मांग की है इस घटना से पूरे नगर में शोक का माहौल बना रहा । सीएचसी अधीक्षक पसगवां डॉ अश्वनी वर्मा ने बताया फूड प्वाइजनिंग से उल्टी और दस्त भारी मात्रा में हो जाने से उपचार न मिलने पर मौत संभव है। मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चल सकता है।

## केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए सुगंधी और शगुन चयनित

सीतापुर। जिले की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ियों सुगंधी और शगुन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित होकर जनपद का मान बढ़ाया है। श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा सुगंधी और कक्षा 8 की छात्रा शगुन का चयन आवासीय क्रीड़ा संस्थान में प्रवेश हेतु आयोजित केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में हुआ है। यह चयन खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वावधान में 5 से 6 अप्रैल 2026 तक अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-15 बालकध्बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता में लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, मिजार्पुर, विंध्याचल और आजमगढ़ मंडलों की टीमों ने हिस्सा लिया। सुगंधी ने बालिका एकल वर्ग में बेहतरीन खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में गोरखपुर मंडल की तनिष्क को 2-1 से हराया। इसके बाद फाइनल में उन्होंने आरोही सिंह को 2-0 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं बालिका युगल वर्ग में सुगंधी और शगुन की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। दोनों ने कानपुर मंडल की सोनी और सृष्टि तिवारी की जोड़ी को 2-0 से हराया। दोनों खिलाड़ियों का चयन 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है।

# नियुक्त पत्र मिलते ही खिले चेहरे




- विधायक ने 75 नियुक्त प्रमाण पत्र किए वितरित, गोद भराई व अन्नप्राशन का कार्यक्रम हुआ संपन्न

महोली/सीतापुर। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिका को नियुक्त प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 75 नियुक्त प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मंगलवार को विधायक शशांक त्रिवेदी के द्वारा पिसावां ब्लॉक की 42 महोली ब्लॉक की 33 आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिका को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक शशांक त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया वहीं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई व अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी कराया गया। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने मातृशक्ति के लिए नियुक्त पत्र भिजवाए हैं इस कार्यक्रम का मैं भी साक्षी बना हूं। आज से आप सभी को सरकार द्वारा सभी सुविधाएं मिलेंगी वहीं आपकी जिम्मेदारी है कि कुपोषण से सुपोषण की ओर ले जाएं। मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे। मुख्यमंत्री जी नारी शक्ति को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ती बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण से जुड़े कार्यक्रमों की रीढ है। नव चयनित कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। बीडीओ प्रशांत शुक्ला ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद, पिसावां मिथिलेश यादव, ऐलिया प्रतिनिधि संजीव सिंह, सीडीपीओ महोली मंजुलता, पिसावां अनुराधा पाल, ममता यादव, आयुषी मिश्रा, प्रतिभा रानी, गुरप्रीत कौर, वंदना देवी, दीप्ति वर्मा, सौम्या शुक्ला, शिवानी गुप्ता, अनामिका यादव, वेद प्रकाश, राजन बाजपेई सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाजपा ने महाराजा छीता पासी किले की सुरक्षा को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। ऐतिहासिक और आस्था से जुड़े महाराजा छीता पासी किला की सुरक्षा को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विधायकों और कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यह मामला भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा सड़क चैड़ीकरण के लिए किले से संबंधित प्रबंधकों को जारी प्रारंभिक नोटिस के



बाद सामने आया है। भाजपा पदाधिकारियों ने ज्ञापन में मांग की कि इस संवेदनशील विषय पर गंभीरता से विचार किया जाए और एनएचएआई के साथ समन्वय कर ऐसा समाधान निकाला जाए, जिससे किले की संरचना सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि महाराजा छीता पासी किला पासी समाज की पौराणिक आस्था का प्रतीक है और इसकी सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सभी समाजों की धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों का सम्मान करती है। कार्यकताओं ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया में आवश्यक बदलाव किए जाएं, ताकि किले को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। इस पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, विधायक रामकृष्ण भार्गव, मनीष रावत सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक भी शामिल हुए। जिन्होंने एक स्वर में किले की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की मांग की। प्रमोद कुमार, अभियंता,एनएचएआई ने बताया कि किले को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी और निर्माण कार्य के दौरान सभी आस्थाओं का पूरा सम्मान रखा जाएगा।

## भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप मुख्यमंत्री से लगायी न्याय की गुहार

धौरहरा खीरी। तहसील क्षेत्र के ग्राम गोरखापुर परगना निवासी एक व्यक्ति ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। कोरियनटोला धौरहरा निवासी कामता प्रसाद ने बताया कि उसकी भूमि खाता संख्या 139/1.514 ग्राम गोरखापुर में है, आरोप है कि गांव के ही राजमोहन पुत्र बेचेलाल निवासी मोहल्ला आचार्य टोला ने उसकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर खेत में लगे 40 पेड़ों को काट कर मेड भी तोड़ दी है। आरोप है कि उसने इस मामले में पूर्व में भी एसडीएम सहित जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया पर कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर, अवैध कब्जा हटवाने और उसे उसकी भूमि पर पुनः कब्जा दिलाने की मांग की है।

## सोलर प्लेट चोरी गैंग का आरोपी गिरफ्तार




मोहम्मदी खीरी। कोतवाली पुलिस ने 3 सप्ताह पहले सोलर प्लेट चोरी गैंग के 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 45 प्लेट बरामद की थी जिनकी कीमत 8 लाख बताई गई थी घटना के खुलासे में अंतर्जनपदीय सदस्य का नाम प्रकाश आया था पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 11 सोलर प्लेट बरामद कर कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है। सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक उमेश चौरसिया के निर्देशन में चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एस आई अखिलेश कुमार सिंह और आरक्षी अवधेश, सुधीर, सुनील, प्रदीप और नितिन की संयुक्त टीम ने सर्विलांस की मदद से आरोपी कपिल कुमार निवासी गांव ढकना थाना खुटार जिला शाहजहांपुर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11 सोलर प्लेट और 800 की नकदी मौके से बरामद कर करवाई करते हुए जेल भेजा है।

## बार एसोसिएशन चुनावः विभिन्न पदों पर 27 नामांकन पत्र दाखिल



सीतापुर। बार एसोसिएशन सीतापुर के वार्षिक चुनाव सत्र 2026-27 के तहत मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हुई। बार एसोसिएशन कार्यालय में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन मृत्युंजय बख्स श्रीवास्तव एडवोकेट की अध्यक्षता एवं सहायक चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में सुबह 11 बजे से नामांकन कार्य प्रारंभ हुआ। अपराह्न 3 बजे तक कुल 27 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। अध्यक्ष पद के लिए दया शंकर बोस, अक्षय सहाय, हरीश कुमार त्रिपाठी, गिरीश चंद्र मिश्र और राम मोहन पांडेय ने नामांकन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सीमा खान, ज्येष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रोहित मेहरोत्रा व सुभाष कुमार वर्मा ने दावेदारी पेश की। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए आदित्य कुमार वर्मा, शोभित कुमार दीक्षित व अभय कुमार वर्मा मैदान में हैं। महासचिव पद पर बृजेन्द्र कुमार पांडेय, सुधीर शर्मा व मो. तारिक फारूकी ने नामांकन दाखिल किया। कोषाध्यक्ष पद पर भानु प्रकाश श्रीवास्तव व शैलेन्द्र श्रीवास्तव, जबकि संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) के लिए अखिलेश कुमार मिश्र व अनुज कुमार पाल ने नामांकन किया।

## बायो प्लास्टिक पार्क के लिए जमीन देने वाले किसान सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कुम्भी ब्लाक के ग्राम मगदापुर क्षेत्र में प्रस्तावित बायो प्लास्टिक पार्क के लिए भूमि देने वाले किसानों तहसील सभागार में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किसानों के योगदान को सराहते हुए इसे क्षेत्र के औद्योगिक विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया।




बताया गया कि यूपीसीडा द्वारा करीब 200 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित होने वाला यह बायो प्लास्टिक पार्क जनपद लखीमपुर खीरी सहित गोला को नई औद्योगिक पहचान देगा। इस परियोजना से रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई। कार्यक्रम में एसडीएम, तहसीलदार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समारोह के उपरांत विधायक अमन गिरी ने तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उनका कुशलक्षेम जाना और क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान बार अध्यक्ष रामकुमार गौतम ने तहसील रोड की जर्जर स्थिति का मुद्दा उठाया और शीघ्र मरम्मत की मांग की। इस मौके पर विधायक अमन गिरी ने कहा कि कुम्भी परगना में प्रस्तावित बायो प्लास्टिक पार्क क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और गोला को औद्योगिक पहचान प्राप्त होगी। उन्होंने किसानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी भागीदारी से ही यह महत्वपूर्ण परियोजना संभव हो सकी है और यह योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तहसील रोड का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द कराया जाएगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, संदीप कुमार अवस्थी, अचल श्रीवास्तव, सभासद आनंद सोनी, पूर्व सभासद राम रक्षपाल, राजेश वर्मा, जुबेर खान, जिला पंचायत सदस्य तौहीद, डॉ. बच्चू सिंह, ग्राम प्रधान राजपाल, मनोज यादव, इजरान अहमद, एसपी सिंह चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आईजी लखनऊ परिक्षेत्र किरण एस. ने थाना का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

सीतापुर। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को किरण एस. द्वारा थाना कमलापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, पोर्टलों पर डाटा



फीडिंग और थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। आईजी ने थाना कार्यालय में अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर एवं फ्लाई शीट सहित विभिन्न अभिलेखों का निरीक्षण कर प्रविष्टियों की गुणवत्ता परखी। इसके अलावा साइबर सेल, कंप्यूटर कक्ष, बैरक और भोजनालय की साफ-सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने यक्ष एप व अन्य पोर्टलों पर डाटा फीडिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मिशन शक्ति केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाफ को महिलाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के साथ शत-प्रतिशत फीडबैक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आईजी ने बीट पुलिसकर्मियों से संवाद करते हुए सघन गश्त, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी और जनता के बीच ह्यपुलिस मित्रह्न के रूप में कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने बीट सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए भी मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## कवि सम्मेलन में गूंजी देशभक्ति और व्यंग्य की धार

- चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन आज सायं सात बजे से किया जाएगा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय कवि




सम्मेलन का भव्य और आकर्षक आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक कविता, गीत, गजल और ओजपूर्ण रचनाओं की गूंज से पूरा परिसर सराबोर रहा। देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित काव्यपाठ ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और कई बार तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शरद बाजपेयी, कार्यक्रम अध्यक्ष विजय महेश्वरी, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र त्रिपाठी, संजय मिश्रा सहित अन्य अतिथियों एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए और मंच पर उपस्थित कवियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ बृजेश तिवारी की प्रभावशाली प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद गेंदन लाल कनौजिया, राहुल मौर्य, सुरेश चंद्र सक्सेना, अनुराधिका वर्मा, मिथिलेश शुक्ला ह्यविदेहह्न, आदेश राजपूत, गौरव पांडे, आलोक तिवारी, प्रमोद गुप्ता ह्यभोलेह्न, शिप्रा खरे, कन्हैया सिंह ह्यरासह्न, रामस्वरूप सिंह एडवोकेट सहित दर्जनों कवियों ने मंच संभालते हुए अपनी-अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं पर जहां श्रोताओं ने खड़े होकर तालियां बजाईं, वहीं हास्य-व्यंग्य और सामाजिक विसंगतियों पर आधारित रचनाओं ने लोगों को खूब गुदगुदाया। कई कवियों ने वर्तमान सामाजिक हालात, राजनीति और बदलती जीवनशैली पर भी तीखे व्यंग्य प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। भक्ति रस से भरी कविताओं ने आध्यात्मिक वातावरण का एहसास कराया, जबकि श्रृंगार और संवेदनात्मक रचनाओं ने भावनाओं को छू लिया। कार्यक्रम का संचालन रविसुत शुक्ल ने प्रभावी और रोचक अंदाज में किया, जिससे श्रोताओं की रुचि अंत तक बनी रही। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही और लोगों ने पूरे उत्साह के साथ काव्यपाठ का आनंद लिया।

इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, साहित्य प्रेमी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिन्होंने कवियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की।

## मुख्यमंत्री योगी के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू



मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मियांपुर कॉलोनी में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं जिसके चलते जिला से लेकर लखनऊ तक के अधिकारियों ने गांव में डेरा डालकर युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है तो वही गांव के लोगों ने अतिथि देवो भव के लिए पलक पांवड़े बिछाए गर्म जोशी से स्वागत के लिए गांव को सजाया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी देकर बताया मियापुर कॉलोनी के लोगों को पुनर्वास अधिनियम के तहत पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित 1964 में आए 156 परिवारों को 1965 में तत्कालीन सरकार द्वारा प्रत्येक परिवार 5 एकड़ भूमि का पट्टा किया गया था जिसमें 4.75 एकड़ भूमि पर खेती के लिए शेष भूमि पर मकान बनाने के लिए आवंटन किया गया था। गांव के संपूर्ण विकास को लेकर विधायक ने गोद लिया था जिसके तहत लंबे समय से ग्राम वासियों को मालिकाना हक प्राप्त नहीं था इसके संबंध में वार्ता कर लोगों की परेशानियों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा था जिस पर उन्होंने विचार करने की बात कही थी। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे से लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई शायद उन्हें अपना हक मिल सकेगा। आगमन को लेकर मंगलवार को आईजी किरण, डी एम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉक्टर ख्याति गर्ग सीडीओ अभिषेक कुमार सिंह जवाइंट मजिस्ट्रेट चलुबराजु आर समेत जिले के आला अधिकारीयों ने हेलीपैड से लेकर सभा स्थल, पार्किंग और भोजन व्यवस्था को लेकर सुरक्षा संबंधी इंतजामों को लेकर विधायक के साथ बैठक कर अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## डीजी रेलवे श्री प्रकाश ने नवनिर्मित बैरक का किया लोकार्पण

सीतापुर। मंगलवार को डीजी रेलवे श्री प्रकाश ने जीआरपी थाना सीतापुर में नवनिर्मित बैरक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर एसआरपी लखनऊ रोहित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, कमांडेंट 11वीं बटालियन पीएसी विद्यासागर मिश्रा, एएसपी सिटी विनायक पाल भोसले सहित जीआरपी,



आरपीएफ और पीएसी के अधिकारी मौजूद रहे। नवनिर्मित बैरक आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें स्वच्छ आवासीय व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, शौचालय सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डीजी रेलवे ने कहा कि इस बैरक से पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधा मिलेगी, जिससे उनके मनोबल और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि जीआरपी में अधोसंरचना विकास और पुलिस कर्मियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान डीजी रेलवे ने परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि थानों को हरा-भरा बनाना सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इसके बाद उन्होंने सैनिक सम्मेलन एवं अपराध गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पुलिसकर्मियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले आरक्षी रजनीश यादव व महिला आरक्षी निर्दोष गंगवार को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## वार्षिकोत्सव में छात्रों ने बिखेरा हुनर, मेधावियों का हुआ सम्मान




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र अलंकरण समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पूजन-अर्चन कर किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी ने की। सांस्कृतिक मंच पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य एवं अभिनय की प्रस्तुतियों से अफपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने छात्रों के आत्मविश्वास और प्रस्तुति की सराहना की। मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों ने मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जो अत्यंत सराहनीय है। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रम उत्कृष्ट रहे और विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। विद्यालय के संरक्षक अरविंद पांडे एवं प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्मृति चिन्ह एवं पुष्प मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरुण कुमार एवं शिक्षिका साहिवा ने किया।कार्यक्रम में शैलेंद्र सक्सेना, अनुज खरे, सुशील पटेल, मनोज वर्मा, संजय तिवारी, अशोक कनौजिया, डॉ. आलोक वर्मा, राजेश वर्मा, आलोक तिवारी, सिम्पी चैधरी, शिवम, संतोष ठाकुर, धर्म विजय सिंह, शिवानी सिंह, अंकित वर्मा, मयंक दीक्षित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 2027 का चुनाव करो या मरो का होगाः अनूप गुप्ता



महोली/सीतापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमोदन पर विकासखंड महोली समाजवादी पार्टी की कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने सभी पदाधिकारी को नियुक्त पत्र सौंपें। विधायक अनूप गुप्ता ने कहा कि 2027 के आने वाले विधानसभा चुनाव में सबको मेहनत करनी है। अपने-अपने बूथो पर अभी से चुनाव की तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव करो या मरो का चुनाव होगा। 2027 में अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाना है। नई कमेटी में ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णपाल मिश्रा, उपाध्यक्ष नितिश वर्मा, सुनील गौतम, महासचिव खुशीराम वर्मा, सचिव विमल कुमार यादव, सुरेंद्र राजवंशी, शुभम राजवंशी, संदीप राजवंशी, सदस्य मोहम्मद यूनुस गाजी, धर्मेंद्र राजवंशी, रामसेवक मिश्रा, आलोक कुमार मिश्रा, सियाराम, रामशरण कनौजिया, मिथलेश कुमार राजवंशी, मोहम्मद इकलाख,विनय पाल सिंह, आसिफ अली, ज्ञानेंद्र यादव, गुनीराम अवस्थी, गुड्डू सिंह यादव बनाए गए हैं। सभी कमेटी के पदाधिकारी को जिला अध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, सांसद आनंद भदौरिया, विधानसभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला सहित कार्यकताओं ने नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## विद्युत की चिंगारी से गेहूं की फसल में लगी आग

पसगवां खीरी। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते किसान की गेहूं की खड़ी फसल व लांक में आग लग गई ग्रामीणों की मदद आग पर काबू पाया गया गलीमत यह रही कि कोई भारी नुकसान नहीं हुआ है।



जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया क्षेत्र के निवासी किसान करतार सिंह ने बताया कि मेरा खेत गुरुद्वारा के पास है जिसे मैंने परमजीत सिंह को बटाई पर दे रखा है जिसमें उन्होंने काफी मेहनत करके गेहूं की फसल उगाई इन दिनों फसल पक चुकी है और उन्होंने उसमें से थोड़ी फसल काट भी ली है और अभी कुछ फसल खड़ी हुई है कटे हुई फसल की लांक खेत में खड़ी रह गई थी मेरे खेत के ऊपर से बिजली के 11 हजार की हाइटेंशन लाइन के तार निकलने हुए जो काफी ढीले है जिस वजह से बह काफी नीचे तक लटक रहे है सोमवार की दोपहर तेज हवा चलने से यह तार आपस में टच हो गए और तेज स्पार्किंग होने लगी जिसकी निकली चिंगारी से गेहूं की खड़ी लांक में आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जहां पर मौजूद लोगो ने शोर मचाना जिसे सुनकर पास पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाना शुरू कर दिया जब तक आग पर काबू पाया गया तक तक करीब एक बीघा लांक के साथ साथ पास में खड़ी थोड़ी सी गेहूं की भी फसल जलकर खाख हो गई गलीमत यह रही कि कोई भारी नुकसान नहीं हुआ दोनों तरफ खड़ी फसल साफ साफ बच गई।घटना को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उचौलिया गोपाल नारायण सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह अगर किसी कारण बस कही भी आग लग जाती है तो क्षेत्र में 30 किलोमीटर तक फायर ब्रिगेड या अन्य की सुवधा उपलब्ध नहीं है इस घटना में यदि यह किसान फायर ब्रिगेड सहारे रहते तो जब तक गाड़ी मोहम्मदी से आती तब तक न जाने कितनी और कितने किसानों की खड़ी फसल जलकर राख हो जाती बही पास में बन मकान भी आग के हवाले हो सकते थे।

यह मौजूद किसानों ने यह बताया कि हम लोगों के खेतों के ऊपर से निकलने वाले 11 व 33 हजार हाइटेंशन लाइन के तार अधिक ढीले होने के कारण अधिक नीचे तक लटक रहे है जिस कारण खेत में काम कर रहे किसान,मजदूर व मवेशियों की जान के लिए खतरा बना हुआ है साथ ही जरा सी भी हवा चलने पर गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने का डर बना रहता है किसान करतार के भी खेत के ऊपर से बिजली के तार निकले हुए है जो बेहद ढीले और नीचे तक लटक रहे है जिस कारण उनके खेत में आग लग गई।जिस पर बिजली विभाग का भी अधिकारी व कर्मचारी बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे है यदि किसान इन तारों की कार्यवाही की मांग करते है तो उनकी शिकायत पर लंबे समय तक कोई कार्यवाही नहीं होगी है।

संक्षेप

## वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजमगढ़। थाना फूलपुर क्षेत्र के ग्राम जौमा में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। 30 मार्च 2026 को हुए इस विवाद में गाली-गलौज के साथ जान-माल की धमकी दी गई और लाठी-डंडा, हंसिया व टांगी से जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली तहरीर के आधार पर थाना फूलपुर में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी भी की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 अप्रैल 2026 को इस मामले में वांछित दो अभियुक्तों अवनीश यादव और पतिराज यादव, निवासी ग्राम जौमा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल राजीव यादव और कांस्टेबल सुनील यादव की टीम शामिल रही।

## एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने पुलिस लाइन स्थित अपने कार्यालय में मंगलवार को दूर दराज से जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित शिकायतकताओं की समस्याओं के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर कौस्तुभ त्रिपाठी भी मौजूद रहें।

## अपहरण में एक गिरफ्तार

जौनपुर। थाना रामपुर क्षेत्र की पुलिस टीम ने अपहरण के मामले में एक को गिरफ्तार करने का दावा किया है। मिशन शक्ति अभियान के क्रम में रामपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।पुलिस के अनुसार इस मामले को लेकर उपनिरीक्षक पंचरतन राम मय पुलिस की टीम ने थाना पर पंजीकृत मामले को लेकर आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने इस मामले में हिरासत में लिया। फिल्हाल पुलिस ने आगे की कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक अमित मिश्र पुत्र छोटेलाल मिश्र को न्यायालय भेज दिया है।

## साढ़े चार किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

जौनपुर। थाना सुजानगंज पुलिस की टीम ने चार किलो पांच सौ ग्राम अवैध गाँजा के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक वैगनार कार व एक एन्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार सुजानगंज पुलिस टीम ने पंचरास्ता बारा पुलिया के पास से एक युवक अभिषेक तिवारी उर्फ अमित तिवारी पुत्र बृजभूषण तिवारी निवासी ग्राम रतनपुर नगौली थाना सुजानगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## धर्म परिवर्तन कराने में तीन हिरासत में

जौनपुर। थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक बदलापुर श्री शेष कुमार शुक्ला के नेतृत्व में धर्म परिवर्तन कराने में रामकरन गौतम पुत्र स्व० भगेलूराम गौतम को हिरासत पुलिस में लिया गया। उक्त अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय रवाना किया जा रहा है।पुलिस के अनुसार सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बबुरा में राकेश गौतम उर्फ सोनू गौतम के घर पर अवैध रुप से लोगों को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण का कार्य कराया जा रहा है, प्राप्त सूचना पर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुँची जहाँ से राकेश गौतम उर्फ सोनू निवासी बबुरा के घर के एक कमरे में आदमी व औरतों की भीड़ थी। आलमारी में क्राइस्ट लगे हुए थे, वहाँ मौजूद पूजा कराने वाला व उपदेश देने वाला बाइक से मौके से भाग गया। गृहस्वामी राजेश उर्फ सोनू गौतम व उसके परिवारीजन अवैध रुप से धर्मान्तरण कराने में संलिप्त होने के पर्याप्त साक्ष्य पाये गये है। तहरीर पर धारा 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 व 351 बीएनएस थाना बदलापुर जौनपुर पंजीकृत किया गया।

# सलाई बनवा ग्रेडिंग यूनिट एसीसी स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण



सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने मंगलवार को ग्रेडिंग यूनिट एसीसी सिमेन्ट सलाई बनवा स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए तथा टेंडर प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाए।

उन्होंने सड़क किनारे लगे खंभों को हटाने के कार्य को प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए और कहा कि विद्युत विभाग आवश्यक एस्टीमेट तैयार कर लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराए, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। जिलाधिकारी ने परिसर के आसपास वृक्षारोपण कराने पर भी विशेष जोर दिया और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से इसे आवश्यक बताया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रेडिंग यूनिट ए0सी0सी0 सिमेन्ट परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

उन्होने कहा कि वन विभाग से सम्बन्धित जो कार्यवाही होनी है उसे यथाशीघ्रपूर्ण कर लिया जाये इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के अभियंता शैलेश सिंह ठाकुर, उपायुक्त उद्योग अधिकारी विनोद कुमार चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय महिला संगोष्ठी का उद्घाटन



- महिलाओं की सामाजिक भागीदारी से सशक्त होंगी पंचायतें: मोनिका

म्योरपुर, सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक के गोविंदपुर स्थित सामाजिक संस्थान बनवासी सेवा आश्रम के विचित्रा महा कक्ष में मंगवार को तीन दिवसीय महिला संगोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मुंबई से आई सामाजिक कार्यकता मोनिका और नीता ,नीरा ने किया संगोष्ठी का इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है। मोनिका ने कहा कि महिला सशक्तिकरण स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता हो सकती है।

उन्होंने बघाडू की-फूलवन्ती बहन का उदाहरण देते हुए कहा कि फूलवंती को मौका मिला तो वह खुद को साक्षर हुई और समाज का नेतृत्व कर रही है कहा कि महिलाओं की भागीदारी से पंचायत निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भूमिका बढ़ सकती है।महिला सुरक्षा कानून नीता और नीरा ने बताया की संगठित प्रयासों के बारे में जानकारी देने के साथसामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक अन्याय के खिलाफ जागरूकता और समाधान ढूंढना। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है ग्राम स्वालंबन (गाँव की आत्मनिर्भरता) और आगे की कार्ययोजना बनाना ताकि महिलाएँ खुद अपनी समस्याओं का निदान करें।जैविक खेती, समानता, सामूहिक गीत, खेल और फिल्म के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा और एकजुटता बढ़ाना।है यह गोष्ठी महिलाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर, नेतृत्वकारी और संगठित बनाने का माध्यम है, ताकि वे समाज में अपनी भागीदारी बढ़ा सकें और गाँवध्समुदाय का विकास खुद कर सकें।पहले दिन के सत्र के समापन अवसर पर शुभा प्रेम ने महिलाओं को पंचायतों और गांव में सक्रिय भूमिका बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की।मौके पर 37 पंचायतों की लगभग 65 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

## रमा हॉस्पिटल में महिलाओं का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



आजमगढ़। रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर हरिवंशपुर में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन डा खूशबू सिंह की देखरेख में किया गया।

रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर की एमडी (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) डा खुशबू सिंह ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच हेतु रमा हास्पिटल का यह निःशुल्क शिविर हर माह की पहली मंगलवार को लगाया जाता है। शिविर में 74 मरीजों का परीक्षण किया गया। रमा हास्पिटल का उद्देश्य है कि शिविर के माध्यम से अधिकाधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण हो ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का भविष्य सुरक्षित रहें। गर्भवती महिलाओ को सलाह देते हुए कहाकि बढ़ते तापमान को देखते हुए गर्भवती महिलाओं को धूप से बचना चाहिए। तेज धूप से जच्चा-बच्चा दोनो को खतरा हो सकता है। जरूरी हो तभी घर से बाहर निकले। बाहर निकलने से पहले पानी उबाल कर पिये और तन को अच्छी तरह से ढ़क लें। मौसम में फास्ट फूड व मसालेदार चीजों से बचना चाहिए। इसके अलावा उन्होने मरीज व उनके परिजनां को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि खुले में शौच करना रोग को दावत देना हैं इसलिए खुले में शौच न करें।

रमा हास्पिटल के डायरेक्टर अमित सिंह ने कहा कि रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में प्रत्येक माह की पहली मंगलवार को गर्भवती महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण स्त्री रोग विशेषज्ञ डा खुशबू सिंह द्वारा आगे भी किया जायेगा, जिसमे दवाओं का वितरण भी होगा अधिक से अधिक महिलाएं पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाये।

## विश्वविद्यालय को भारत सरकार से मिला प्रशस्ति-पत्र



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को भारत सरकार के नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अवेयरनेस मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकारों पर आयोजित सफल जागरूकता कार्यक्रम और इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए मिला है यह गौरवपूर्ण प्रशस्ति-पत्र भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के महानियंत्रक (पेटेंट, डिजाइन और व्यापार चिह्न) प्रो. (डॉ) उन्नत पी. पंडित की ओर से जारी किया गया है।विश्वविद्यालय आई पी आर सेल के नोडल प्रभारी प्रो. रवि प्रकाश ने विश्वविद्यालय को प्राप्त यह सम्मान कुलपति प्रो. वंदना सिंह को भेंट किया। इस अवसर पर यह रेखांकित किया गया कि कुलपति के कुशल मार्गदर्शन और विजन के कारण ही विश्वविद्यालय इस राष्ट्रीय मिशन का सफल हिस्सा बन सका। परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह एवं डॉ. प्रवीण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के सफल आयोजन में आई पी आर सेल के सदस्य प्रो. राजेश शर्मा, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार एवं डॉ. मंगला यादव सहित इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के शिक्षकगणकृडॉ. रीतेश बरनवाल, डॉ. शैलेश प्रजापति, डॉ. अजय मौर्य, डॉ. पारुल त्रिवेदी, डॉ. विशाल यादव, पूनम सोनकर, डॉ. तुषार श्रीवास्तव एवं डॉ. ज्योति सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए विनय कुमार

आजमगढ़। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की स्वीकृति के बाद जनपद में तैनात उप-निरीक्षक (एसएसपी पीआरओ) विनय कुमार सिंह को निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने उनके कंधों पर तीन स्टार लगाकर सम्मानित किया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर कौस्तुभ त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल भी मौजूद रहीं।

## सिलेण्डर फटा, घर का सामान राख



जौनपुर। रामपुर नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 7 में बीती रात करीब नन्हे दुबे के घर में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गयी जिससे घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। एक सिलेंडर भी जोरदार धमाके के साथ फटा लेकिन गनीमत रही कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। इससे कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। धमाके की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर भागकर आये और आग बुझाने का प्रयास किये। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि जब तक लोग आग पर काबू पाते, तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और दमकल टीम मौके पर पहुंची कड़ी में सकट के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## शातिर वाहन चोरों के गैंग का खुलासा, चार गिरफ्तार

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश की मीरजापुर पुलिस ने एसओजी टीम के सहयोग से चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके चोरी करने का तरीका जान पुलिस भी हैरत में पड़ गयी। यहां थाना कोतवाली शहर व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अन्तर्जनपदीय शातिर वाहन चोर गैंग का पदार्फाश करते हुए मौके से 4 शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की 2 बाइक, 11 इंजन, 3 चेचिस व बाइक के पार्ट बरामद किए हैं। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व वाहनों की चोरी एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली शहर पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जब शहर कोतवाली व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने जरिए मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली शहर क्षेत्रांतर्गत कचहरी तिराहे के पास से पवन कुमार विश्वकर्मा पुत्र प्रेमचन्द्र विश्वकर्मा निवासी ग्राम डेरवा थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार किया तो उसके पास से 1 चोरी की बाइक बरामद की गयी।

बाद में पवन की निशानदेही पर उसके अन्य तीन साथियों महेश कुमार बिन्द पुत्र शोभनाथ बिन्द निवासी डेरवा थाना विन्ध्याचल, रमेश केशरी पुत्र शिवपुजन केशरी निवासी गैपुरा थाना विन्ध्याचल व पिन्टु कुमार बिन्द पुत्र सुद्धू कुमार बिन्द निवासी थानीपुर थाना गोपीगंज, जनपद भदोही को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की 1 अन्य बाइक (कुल 2 बाइक), 11 इंजन, 3 कटी हुई चेचिस, 6 सेलेन्सर, 4 बाइक की टंकी, 22 बाइक की रिंग व बाइक के अन्य पाट्र्स बरामद किया गया। जिन्हें आवश्यक कार्यवाही के पश्चात जेल भेजा गया है।

एसपी के मुताबिक गिरफ्तार बाइक चोरों से पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि उन लोगों का एक संगठित गैंग है जोकि भिन्न-भिन्न स्थानों से मौका देखकर बाइक की चोरी करते है तथा नम्बर प्लेट हटाकर उसे छिपाकर रखते है, ताकि किसी को संदेह न हो। बाद में चोरी की बाइकों को एकत्रित कर उनके पार्टस को अलग-अलग काट देते है जिससे उसकी पहचान न हो सके तथा बेचने में भी आसानी हो। इस प्रकार से चोरी की मोटर साइकिलों को काट कर बेच देते है तथा जो धन प्राप्त होता है उसे आपस में बाट लेते है तथा उसी पैसे से अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते है। पुलिस के मुताबिक सभी के खिलाफ शहर कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# मीरजापुर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, कई दस्तावेज बरामद

जिला संवाददाता

मीरजापुर। लंबे समय से यूपी के मीरजापुर में बांग्लादेशी नागरिकों के होने वाले इनपुट पर आखिरकार पुलिस की मुहर लग गई है।

कूटरचित, फर्जी दस्तावेज के जरिए अवैध रूप से भारत में निवास कर रहे 4 बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 4 अदद मोबाइल फोन सहित अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। दरअसल पुलिस ने यह कार्रवाई वाहन चेकिंग के दौरान की है। वाहन चेकिंग के दौरान फर्जी दस्तवाजे के माध्यम से भारत में अवैध रुप से निवास कर रहे 4 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि 6 अप्रैल 2026 को कटरा कोतवाली पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी कि इसी दौरान रेलवे स्टेशन मीरजापुर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पर नजर पड़ी, संदेह होने पर पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम पता मोहम्मद सबूज हुसैन 24 वर्ष पुत्र मो. समसुलहक निवासी दनाजपुर थाना पीरगंज जिला ठाकुरगांव, ठाकुरगंज विभाग रंगपुर (प्रदेश) बंगलादेश बताते हुए यह भी बताया कि उसका भाई सब्बीर हुसैन जो बांग्लादेश से मुझे व 2 अन्य साथियों के साथ लाया है, जो वर्तमान समय में डगमगपुर पड़री, मीरजापुर में प्रदीप सिंह के पीके क्रेशर प्लांट पर कार्य करते है।

पुलिस टीम ने मोहम्मद सबूज हुसैन की निशानदेही पर उपरोक्त क्रेशर प्लांट से 3 अन्य को क्रमशः शब्बीर हुसैन 26 वर्ष पुत्र मो. समसुलहक निवासी दनाजपुर थाना पीरगंज जिला ठाकुरगंज विभाग रंगपुर (प्रदेश) बांग्लादेश, नरेशदास 28 वर्ष पुत्र सुनील दास ग्राम बाराबन्दर योगेन्दर बाबू मठ थाना कोतवाली दनाजपुर विभाग रंगपुर (प्रदेश) बांग्लादेश व जयदास 28 वर्ष पुत्र नमोचन्द्रदास ग्राम नरेशदादा के गांव बांग्लादेश को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद मोबाइलों से आधार कार्ड व पैन कार्ड, बांग्लादेश की वोटर आईडी व पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं।

## दलाल के जरिए नदी पार कर भारत आये

गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह लोग बांग्लादेश से दलाल को पैसे देकर सीमा, नदी पार कर पश्चिम बंगाल के रायगंज पहुंचे, वहां से कालियागंज रेलवे स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से उप्र आगरा गए और काम की तलाश में आगरा से मीरजापुर आयें। जहां डगमगपुर पड़री में पीके क्रेशर प्लांट पर अपनी बांग्लादेशी पहचान छुपाकर काम करने लगे तथा सब्बीर व मो. सबूज ने फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ग्राम दसौती पोस्ट सौधी जिला कैमूर (बिहार) के पते पर अपना आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवा लिया और तब से वह लोग प्रदीप सिंह के क्रेशर पर काम कर रहे थे।

## दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न



जिला संवाददाता

करमा, सोनभद्र। स्थानीय विकास खण्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय खैरवा के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता मंगलवार को सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ लोक पति पटेल ने अन्तिम दिन के खेल का शुभारंभ खिलाडियों से परिचय प्राप्त करने के बाद किया। अन्तिम दिन के खेल प्रतियोगिता में फाइनल मैच में पहुंची मीरजापुर व सरौली की टीम के रोचक मुकाबले में मीरजापुर की टीम विजेता घोषित हुई तथा उप विजेता टीम सरौली रही।खेल के निर्णायक भूमिका निभाई बिमलेश विश्वकर्मा ने तथा कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन अजय मास्टर रहे। श्री पटेल ने कहा कि कोई भी खेल प्रतियोगिता मेल जोल बढ़ाता है खिलाडियों को मित्रवत व्यवहार के रूप में खेलना चाहिए।आज की खेल प्रतियोगिता बहुत ही रुचि कर रही। इस मौके पर रमेश कुशवाहा, बाबू लाल यादव, मुकेश कुमार पटेल, बैजनाथ, उमा शंकर, पप्पू पटेल, राम दुलारे यादव, रविन्द्र नाथ, अजित विश्वकर्मा, सुजीत कुमार, सरोज कुमार, शिव मुनि सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सांसद सीमा द्विवेदी सहित 12 आरोपित दोषमुक्त

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी समेत 12 आरोपितों को वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव के दौरान पंवारा थाने में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के मामले को राज्यपाल की अनुमति के बाद वापस ले लिया गया है। एसीजेएम द्वितीय अनुज कुमार जौहर की अदालत ने अभियोजन अधिकारी की अर्जी को स्वीकार करते हुए सभी आरोपितों को दोषमुक्त करने का आदेश जारी किया। अभियोजन के अनुसार, 7 मार्च 2017 को तत्कालीन हेड कांस्टेबल दीपचंद राम ने पंवारा थाने में तहरीर दी थी कि भगौती चौराहा के पास चार वाहनों के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी सीमा द्विवेदी के पक्ष में प्रचार किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से 11 लोगों को हिरासत में लिया था और विवेचना के पश्चात सीमा द्विवेदी सहित सभी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान जिरह में यह तथ्य उभरकर सामने आया कि घटना के समय सांसद सीमा द्विवेदी मौके पर मौजूद नहीं थीं। साथ ही, कथित प्रचार वाहनों से कोई चुनाव सामग्री, पोस्टर, बैनर या लाउडस्पीकर बरामद नहीं हुआ नू ही पुलिस ने घटना की कोई फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी कराई थी।सरकारी वकील ने कोर्ट में धारा 321 दंड प्रक्रिया संहिता (ब्तच्ब) के तहत प्रार्थना पत्र देते हुए तर्क दिया कि इस मामले को चलाने से समाज के हित पर कोई अनुकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा, अतः जनहित और राज्यहित में इसे वापस लिया जाना आवश्यक है। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के अगस्त 2021 के आदेश और इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा जनवरी 2026 में दी गई अनुमति का संज्ञान लेते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक के आलोक में मुकदमा वापस लेने का आधार पर्याप्त है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि साक्ष्यों के अभाव में अभियोजन की सफलता की संभावना नगण्य है, जिसके बाद सभी आरोपितों को बाइज्जत दोषमुक्त कर दिया गया।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

आजमगढ़। बीआरसी केंद्र अजमतगढ़ से मंगलवार को स्कूल चलो अभियान की जागरूकता रैली निकाली गई। बीईओ कुलदीप नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। दर्जनों की संख्या में छात्र-छात्राए रैली में शामिल रहे। क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से होते हुए रैली बीआरसी केंद्र पर समाप्त हुई। जागरूकता रैली के दौरान छात्र प्रेरित करने वाले नारे बोल रहे थे। आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे आदि नारे लगा रहे थे। रैली ब्लाक परिषर से होते हुए महादेव नगर, मछली शहर, जानकीपुरम, गुरु गोविंद सिंह नगर आदि स्थानो होते हुए बीआरसी परिषर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया गया कि सरकार की बच्चो के लिए सरकारी स्कूलो में चलाई जा रही योजनाओ के संबंध में जानकारी दी।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुची जफराबाद थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए कब्जे में ले लिया। जफराबाद थाना व धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के पिंडरा गांव की विवाहिता प्रीति गुप्ता पत्नी दसरथ गुप्ता सोमवार की देर रात खाना खाने के बाद सोने के लिए चली गई। कुछ देर बात उसकी हालत गंभीर हो गई। विवाहिता प्रीती की जब हालत गंभीर होने लगी तो ससुराल पक्ष के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर गए। जहां पहुचने पर विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता की मौत की सूचना पर जफराबाद थाने की पुलिस जिला अस्पताल पहुचकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष जफराबाद श्री प्रकाश शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। अभी तक विवाहिता के मायके पक्ष के तरफ से किसी आरोप का तहरीर नही दी गई है।

## जहर खुरानी गिरोह सरगना का पुलिस मुठभेड़ में घायल

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान अंतरजनपदीय जहरखुरान गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए अभियुक्त के पैर में गोली लगी है, जबकि उसके तीन अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस के अनुसार शाहगंज थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चिरैया मोड़ के पास कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी शुरू कर दी। खुद को पुलिस से घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें पंकज निषाद घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे तुरंत उपचार हेतु सीएचसी शाहगंज भेजा गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त पंकज निषाद पुत्र महेंद्र निषाद, निवासी आजमगढ़, लंबे समय से मासूम यात्रियों को निशाना बना रहा था और उनके खून-पसीने की कमाई लूट रहा था। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि बरामद 9 हजार रुपये उसने 18 मार्च को एक बुजुर्ग महिला को नशीला पदार्थ देकर लूटे थे। यह गिरोह वाहन सुविधा देने के नाम पर यात्रियों को अपनी कार में बैठाता था और फिर नशीला पदार्थ सुंघाकर या खिलाकर उन्हें बेहोश कर लूटपाट करता था। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक अवैध 315 बोर तमंचा, जिंदा कारतूस और 9000 रुपये नकद बरामद किए हैं। पंकज निषाद पर आजमगढ़, अंबेडकरनगर और जौनपुर में हत्या, हत्या का प्रयास, जहरखुरानी और एक्ट जैसे 13 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं।

## ब्लड कैंसर पीड़ित को 35 हजार की आर्थिक सहायता

जौनपुर। समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए लखनपुर चौकिया स्थित श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा के नेतृत्व में ब्लड कैंसर से जूझ रहे युवक विशाल विश्वकर्मा को 35 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान



की गई। तहसील शाहगंज के बहोरनपुर मदरहा निवासी विशाल विश्वकर्मा गंभीर रूप से ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं और उनका इलाज मेदांता हॉस्पिटल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनके इलाज के लिए लगभग 15 लाख रुपये की आवश्यकता है, जिसे जुटाना परिवार के लिए बेहद कठिन हो गया है। ट्रस्ट ने पहल करते हुए 35,000 की सहायता राशि चेक के माध्यम से परिवार को सौंपी। दीपक विश्वकर्मा ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अगर समय रहते सहयोग मिल जाए, तो एक जिंदगी बचाई जा सकती है। विशाल विश्वकर्मा के इलाज के लिए स्थानीय स्तर पर एक सहायता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें लोग अपनी क्षमता के अनुसार आर्थिक सहयोग दे रहे हैं। गौतम कुमार विश्वकर्मा, आदेश विश्वकर्मा, गजेंद्र शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## विषाक्त पदार्थ सेवन से दो युवक अचेत, सीएचसी में भर्ती

लिलासी/सोनभद्र। सोमवार की रात अलग-अलग स्थानों पर विषाक्त पदार्थ के सेवन से दो युवक अचेत हो गए। दोनों को परिजनों की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) म्योरपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बभनी थाना क्षेत्र के अहिरबुढ़वा गांव स्थित मनरुटोला में सोमवार की रात करीब 10 बजे तिलक कार्यक्रम में शामिल होने आए दिल्ली निवासी 28 वर्षीय उमेश ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी तब हुई जब उसकी हालत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों व मौजूद लोगों ने बिना देर किए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र म्योरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया।दूसरी घटना बभनी थाना क्षेत्र के झापर गांव के पतखिरना टोले की है। यहां सोमवार की रात परिजनों द्वारा बाइक चलाने से मना किए जाने पर 18 वर्षीय कृपाशंकर (पुत्र रामनारायण) ने आवेश में आकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन घबरा गए और उसे तत्काल सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया।

# विधायक ने किया सीसी रोड का शिलान्यास




जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देते हुए सदर विधायक मनीष जायसवाल ने वि.ख. विशुनपुरा के ग्राम पंचायत पकड़ियार में पूर्वांचल विकास निधि (जिलांश) वर्ष-2025-26 के अंतर्गत ' 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाली एक नई सीसी सड़क के निर्माण का शिलान्यास किया।

मुख्य अतिथि विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने निर्माण कार्यों को पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त कर दिया है। आज विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। चुनाव के समय जनता से किया गया एक-एक वादा पूरा किया जा रहा है। उनकी प्राथमिकता हर गांव में बेहतर स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, शुद्ध पेयजल, पक्की सड़कें और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना है, ताकि खड़े व्यक्ति को भी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय लोहिया, हारून खां, ओमप्रकाश दुबे, प्रधान आद्या राय, प्रधान गुड्डू उपाध्याय, महेश रौनियार, दिनेश राय, रामप्रताप सिंह पटेल, पूर्व ग्राम प्रधान विकास जायसवाल, शैलेश भारती, कन्हैया पटेल, ओमप्रकाश दुबे, सुखराम शर्मा, राजेश गौतम, रामाधार यादव, महेंद्र पटवा अशोक राजभर, समेत ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नये शिक्षण सत्र के नामांकन और वार्षिकोत्सव का आयोजन

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के रामकोला विकास खंड के खोटही (टोला भटवलिया बनकट) स्थित सरकारी विद्यालय–पीएम श्रीकंपोजिट विद्यालय–में नए शिक्षण सत्र के नामांकन एवं वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें सैकड़ों अभिभावकों की उपस्थिति रही।




इस अवसर पर विधायक विनय प्रकाश गौड़, जिले की मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, बीएसए डॉ. रामजियावन मौर्य, एसडीएम कप्तानगंज, खंड शिक्षा अधिकारी रामकोला सहित जिले भर के शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम सोमवार शाम 4 बजे शुरू होकर रात 8 बजे तक चला, जिसमें कुल 12 प्रस्तुतियां दी गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति पर आधारित पहलगाम अटैक और ऑपरेशन सिंदूर, भक्ति के प्रतीक प्रह्लाद और मीरा के जीवन प्रसंग, कव्वाली, महंगाई और भ्रष्टाचार पर व्यंग्यात्मक प्रस्तुतियां प्रमुख रहीं। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के शिक्षक सूर्य प्रताप, अमित कुमार, प्रमोद सिंह यादव, महेश पाल और दिनेश चौबे की अहम भूमिका रही। इनके साथ नीलम साहनी, गुंजा भास्कर, मोनी, सोनी और एजुकेटर रीमा पाल का योगदान भी सराहनीय रहा। इस दौरान शिक्षक सूर्य प्रताप ने अधिकारियों को अवगत कराया कि बीते एक दशक में विद्यालय में छात्रों की संख्या 60 से बढ़कर 650 से अधिक हो गई है। हर वर्ष सैकड़ों छात्र जिला और प्रदेश स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। हालांकि, नए नामांकन हर साल 100 से अधिक होने के बावजूद शिक्षकों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है, जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

इस पर बीएसए डॉ. रामजियावन मौर्य ने कहा कि समायोजन प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही विद्यालय में शिक्षकों की कमी पूरी कर दी जाएगी। वहीं, सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कई वार्षिक उत्सव देखे हैं, लेकिन यहां शिक्षकों की रचनात्मकता और बच्चों की मेहनत सराहनीय है। पुलवामा और ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रस्तुतियों ने भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से मुख्यमंत्री के ह्वहर बच्चे को शिक्षित करनेह्व के संकल्प को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। विधायक विनय प्रकाश गौड़ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से अभिभावकों और बच्चों के मन में सरकारी विद्यालयों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। कायाकल्प योजना से विद्यालयों का स्वरूप बदला है और ऐसे प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का कार्य करेंगे।

# राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य कर रही भाजपा

**देवरिया।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे महापुरूषो की मूर्तियों के स्वच्छता अभियान के क्रम में भाजपा किसान मोर्चा देवरिया के पदाधिकारियों द्वारा देवरिया नगर पालिका क्षेत्र के नई कालोनी स्थित भाजपा के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्तियों की साफ-सफाई करके, माल्यार्पण-पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन कर उनको नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि देशसेवा की भावना, राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय की संकल्पना को लेकर इन महापुरूषो द्वारा स्थापित भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जिसमे करोड़ो कार्यकर्ता निरन्तर देशहित मे कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना को सर्वोपरी रखते हुए देश को एकता के सूत्र में बाँधने और अखंड भारत की स्थापना के लिए डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल जी ने अपने प्राणों की आहुति दे दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मधुसूदन मिश्र, अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, राजू मिश्र, सुनील कुमार, संतोष चौरसिया, डॉ एस बी तिवारी, विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक, डॉ विनोद पाण्डेय उपस्थित रहे।

# पुलिस उप महानिरीक्षक ने की अपराध निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा




**देवरिया।** आज पुलिस उप महानिरीक्षक, गोरखपुर परिक्षेत्र, गोरखपुर श्री एस. चन्नप्पा द्वारा पुलिस लाइन देवरिया स्थित सभागार में अपराध, निरोधात्मक कार्यवाही, मिशन शक्ति फेज-5 तथा कर्मयोगी कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय ने जनपद में अपराध नियंत्रण की वर्तमान स्थिति, लंबित विवेचनाओं, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा निरोधात्मक कार्यवाहियों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सतत निगरानी एवं प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित की जाए। मिशन शक्ति फेज-5 द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित अपराधों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई प्राथमिकता पर की जाए। साथ ही जनजागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के तहत पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास की स्थिति पर भी चर्चा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग करने हेतु प्रेरित किया, जिससे उनकी कार्यकुशलता में वृद्धि हो सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संजीव सुमन, एएसपी (उत्तरी) श्री आनन्द कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री सुनील कुमार सिंह सहित जनपद के समस्त थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# भूतपूर्व सैनिकों के लिए दुकानों के आवंटन को आवेदन आमंत्रित

**देवरिया।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास परिसर में भूतपूर्व सैनिकों एवं सैनिक विधवाओं के स्व-रोजगार हेतु निर्मित 18 व्यावसायिक केंद्रों में से 02 केंद्रों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त दुकानों के लिए आवेदन पत्र 06 अप्रैल, 2026 से कार्यालय में उपलब्ध हैं, जिन्हें कार्य दिवसों में प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन के लिए भूतपूर्व सैनिक, शहीद सैनिकों की पत्नियां एवं उनके आश्रित पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, देवरिया से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन पत्र 16 अप्रैल, 2026 को सायं 5 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

# बेटी विवाह शगुन योजना के तहत पात्र लाभार्थी का स्थलीय सत्यापन पूर्ण

**बरहज, देवरिया।** एफआरसीटी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रम में ह्वबेटी विवाह शगुन योजनाह्व के तहत पात्र लाभार्थी का भौतिक सत्यापन किया गया। देवरिया जनपद के ग्राम बादीपुर, ठाकुर देवरिया भलुअनी निवासी रीता देवी की पुत्री रंजना भारती का विवाह आगामी 23 अप्रैल 2026 को है। योजना के अंतर्गत सहायता प्रदान किए जाने से पूर्व प्रदेश व जिला, ब्लाक टीम द्वारा लाभार्थी के निवास पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई। सत्यापन के दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश कुशवाहा, भलुअनी ब्लाक अध्यक्ष जितेन्द्र कुशवाहा, ब्लाक महामंत्री लक्ष्मण प्रजापति, ब्लाक उपाध्यक्ष महेश प्रजापति, ब्लाक आईटी सेल प्रभारी शैलेन्द्र कुशवाहा, परिवार के सदस्य व गांव के एफआरसीटी सदस्य जगतनारायण, रविशंकर व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश कुशवाहा ने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों तक सहायता पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बताया कि संस्था के माध्यम से मार्च 2025 से मार्च 2026 तक बेटी विवाह शगुन योजना में 72 बेटियों की शादी में लगभग एक करोड़ रुपए व आकस्मिक निधन योजना अन्तर्गत 6 परिवारों को लगभग 75 लाख रुपए का कुल एक करोड़ 75 लाख रूपए का सहयोग सदस्यों द्वारा मात्र पचास रुपए सीधे लाभार्थी के खाते में भेजा गया। इस माह बेटी विवाह शगुन योजना के अंतर्गत प्रति लाभार्थी दो लाख से अधिक धनराशि के सहयोग का अनुमान है।

## संक्षेप

### रुद्रपुर में रोजगार मेला आज

**देवरिया।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उ.प्र. शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में 08 अप्रैल, 2026 को पूर्वाह्न 10 बजे से रामजी सहाय पीजी कॉलेज, रुद्रपुर (देवरिया) परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां–पद्मिनी मेकाट्रॉनिक्स, हिताची कैश मैनेजमेंट एवं बजाज एजेंसी आदि–द्वारा देवरिया सहित अन्य जनपदों के लिए साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इस मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है।

### डीएम ने करायी क्रॉप कटिंग

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को तहसील गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसीपुर में जनपद में गेहूं की फसल का उत्पादन जानने को लेकर क्राप कटिंग कराई। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत तुलसीपुर में राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम के साथ किसान रामसिंह के खेत पर पहुंच कर अपने सामने 43.03 स्क्वायर मीटर गेहूं की फसल की क्राप कटिंग कराई तथा उसका तौल भी कराया। जोकि 12.560 किग्रा निकला जिसके अनुसार प्रति हेक्टेयर उपज 29 कुंतल है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्राप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसान भाइयों से सीधा संवाद स्थापित किया और अपने नजदीक के क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने हेतु किसानों से अपील भी की।

# गैस किल्लत के बीच बिजली व पेयजल की आपूर्ति लड़खड़ाई

**देवरिया।** रसोई गैस की किल्लत और मारामारी के बीच मुख्यालय के रेलवे लाइन के उत्तर स्थित वार्डो में बिजली की हो रही भारी कटौती और पेयजल की आपूर्ति बाधित होने से हजारों उपभोक्ता परेशान है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की भारी कटौती नागरिकों के लिए परेशानी का सबक बन गया है। गत मार्च महीने से ही पुरवां विद्युत सब स्टेशन से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं को जर्जर तार बदलने के नाम पर लगातार कटौती और लाइन आने पर सायंकाल जगह-जगह फाल्ट, हाफ लाइन विभागीय तैयारी और क्रियाशीलता पर गहरा प्रस्तुत खड़ा कर रहा है। उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत के जवाब में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा यह बताकर पल्ला झाड़ लिया जाता है कि जर्जर लाइनों का तार बदला जा रहा है। तार बदलने का यह कार्य मार्च महीने से जारी है। पहले से ही गैस किल्लत और मारामारी से परेशान नागरिकों को भारी बिजली की कटौती जले पर नमक साबित हो रही है। विद्युत कटौती से जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है और सुबह शाम बमुश्किल दो ढाई घंटे जलापूर्ति हो पा रही है। जिला मुख्यालय के रेलवे लाइन के उत्तर की बड़ी आबादी नागरिक सुविधाओं की दुर्दशा का दंश वार्ड वासियों को झेलना पड़ रहा है। जलापूर्ति पाइपलाइन, गैस लाइन, बनाने के नाम पर खोदी, तोड़ी गई सड़कोंटूटी नालियों की हालत देखने लायक है। मरम्मत और निर्माण के अभाव में वार्डों में इस गर्मी में चलना मुश्किल हो रहा है। आने वाली बरसात में हालत क्या होगी इसे सोचकर नागरिकों की चिंता अलग बढ़ती जा रही हैं जिसे समझा जा सकता है। इन वार्डो में सफाई की दुर्दशा का दृश्य हर तरफ देखा जा सकता है। सफाई कर्मी मोहल्ले के कूड़ा, करकट को सड़क के किनारे जहां भी खाली स्थान है वहां डंप कर रहे हैं जो बरसात में संक्रामक रोगों के कारण बनेंगे इसको लेकर सम्बंधित अधिकारी बेखबर है। नागरिक सुविधाओं को लेकर ऐसा सामान्य तौर पर देखा जा रहा है की मुख्य सड़कों और कुछ पॉस इलाकों को छोड़कर शेष मुख्यालय के भीतरी वार्डों में सड़कों नालियों सफाई आदि ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर दिख रही है।

# ग्राम पंचायत तुलसीपुर में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का डीएम ने किया निरीक्षण



- किसानों से फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने की अपील, लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को तहसील गौरीगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसीपुर में कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैंप का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कैंप में चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित किसानों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सभी किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य रूप से बनवाएं, ताकि उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कैंप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई जा रही है, वहीं आगामी चरण में घर-घर जाकर भी किसानों की रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाएगी, जिससे कोई भी पात्र किसान छूटने न पाए। कैंप में फार्मर रजिस्ट्री के साथ-साथ फैमिली आईडी और आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल रहा है। उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कुल 2,44,000 फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष अब तक लगभग 2,19,000 किसानों की रजिस्ट्री पूर्ण की जा चुकी है। इस प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित कराई जाए और अभियान में तेजी लाई जाए। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी सहित कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनीष कुमार मिश्रा बने समीक्षा अधिकारी



**कुशीनगर।** उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा - 2023 में मनीष कुमार मिश्रा ने अपने प्रथम प्रयास में ही 59 रैंक हासिल कर समीक्षा अधिकारी बने हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम भठही राजा/कसया नगर के वार्ड नंबर 26 शहीद अमिय त्रिपाठी नगर निवासी मनीष पुत्र त्रियुगी नारायण मिश्र ने नगर के महर्षि अरविंद विद्या मंदिर से हाईस्कूल, इंटर और डीडीयू से स्नातक किया है। वह उत्तर प्रदेश सचिवालय में समीक्षा अधिकारी बने हैं। मनीष की सफलता पर दिनेश सिंह, अनिल शुक्ला, हरेंद्र नाथ मिश्रा, हरीओम मिश्र, संतोष मद्धेशिया सहित क्षेत्र वासियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# फाइलेरिया मरीजों का सहारा बन रहा एमएमडीपी

जिला संवाददाता (vol)

**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंजरिया में मंगलवार को गठित पीएसपी (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) के सहयोग से फाइलेरिया मरीजों को रोग प्रबंधन के लिए एमएमडीपी प्रशिक्षण दिया गया। 14 मरीजों को रुग्णता प्रबंधन और दिव्यांगता निवारण किट का वितरण किया गया, जिससे वह घर पर ही अपने घावों और पैरों की बेहतर देखभाल कर सकें। इसके साथ ही व्यायाम करने के टिप्स दिए गए। इस दौरान पीएसपी सदस्य एएनएम ने डेमो देकर प्रभावित अंग की साफ सफाई की जानकारी दी।

मरीजों को प्रशिक्षण देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) अजय ने कहा कि नियमित सफाई से सफाई फाइलेरिया प्रभावित अंग की सही देखभाल, साफ सफाई और व्यायाम से हाथीपांव की सूजन में कमी आई है। इसके साथ ही फाइलेरिया के अटैक भी कम हुए हैं। उन्होंने बीमारी की गंभीरता के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता, लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे व्यक्ति के हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। इस बीमारी से साल में एक बार लगातार पांच साल दवा के सेवन से बचा जा सकता है।

- पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंजरिया में फाइलेरिया मरीजों को दिया गया एमएमडीपी प्रशिक्षण

पीएसपी सदस्य सीएचओ ने फाइलेरिया मरीजों को हाथी पांव की नियमित सफाई, सूजन कम करने के उपाय, और संक्रमण से बचाव की जानकारी दी। बताया कि समय पर देखभाल से इस बीमारी के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी है। मरीजों को लगातार साफ-सफाई और उपचार की आवश्यकता होती है। सीएचओ ने किट में मौजूद सामग्री जैसे साबुन, टावेल, एंटीसेप्टिक व अन्य उपकरणों के उपयोग की विधि करके दिखाया व मरीजों को समझाया। कार्यक्रम में पीएसपी सदस्य एएनएम सत्या, डीसीजी सदस्य कोटेदार, बीएचडब्ल्यू राकेश, सहयोगी संस्था सीफार के जिला प्रतिनिधि सहित, आशा, आंगनबाडी, फाइलेरिया मरीज सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# बजट के अभाव में अधूरा है संपर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का काम

**अमेठी।** दो विकास खंडों को जोड़ने वाले गुंगवाछ -कमासिन -मंडौली सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत धनाभाव में पूरा नहीं हो पा रहा है। डेढ़ किलोमीटर की लम्बाई में विशेष मरम्मत का काम चल रहा है। कमासिन के आगे मंडौली तक जर्जर सड़क की विशेष मरम्मत के लिए विभाग के पास बजट नहीं है। क्षेत्र वासियों ने शासन से बजट आवंटन की मांग की है। गुंगवाछ-कमासिन सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत के लिए शासन की ओर से लगभग छः महीने पहले 25.50लाख रु की धनराशि स्वीकृत की गई थी। ठेकेदार ने काम मार्च में शुरू किया। प्रारंभ में डेढ़ सौ मीटर सीसी रोड बनाने के बाद आगे विशेष मरम्मत कार्य जारी है, सी सी रोड के दोनों तरफ मिट्टी भराई न होने से चार पहिया वाहनों की क्रासिंग होने पर दुर्घटना के खतरे बने हुए हैं। विशेष मरम्मत के दौरान सड़क पर बने गड्ढों को ठीक से भरने में लापरवाही होने पर स्थानीय लोगों ने अधिशासी अभियंता और ठेकेदार से शिकायत दर्ज कराई। मंगलवार सुबह से ठेकेदार ने मौके पर पहुंचकर स्वयं काम को आगे बढ़ाया। अवर अभियंता नहीं आए। कमासिन के बाद यह सम्पर्क मार्ग मंडौली को जोड़ता है, परंतु आगे लगभग एक किलोमीटर विशेष मरम्मत के लिए विभाग के पास कोई बजट नहीं है। ग्राम प्रधान त्रिभुवन यादव, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय, स्थानीय निवासी संजय कुमार, राज कुमार आदि ने शासन से सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत पूरी लम्बाई में कराने की मांग की है।

अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेन्द्र कुमार का कहना है कि बजट के अनुसार काम कराया जा रहा है। सहायक अभियंता डी के अग्रवाल को मानक के अनुसार विशेष मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# दीवानी कोर्ट परिसर की दुकानों की नीलामी 10 को

**देवरिया।** दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दुकानों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी नीलामी समिति जजी, के अध्यक्ष रवि यादव ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद न्यायाधीश के आदेश के अनुपालन में यह नीलामी 10 अप्रैल को अपराह्न 4:30 बजे दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दस कक्षीय न्यायालय भवन के केंद्रीय सभागार में नीलामी समिति की देखरेख में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शर्तों के अधीन नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नीलामी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ नीलामी समिति की देखरेख में संपन्न कराई जाएगी।

# सिस्टम सोता रहा और रिजवान खुलेआम घूमता रहा

जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के छावनी राइन मुहल्ला से दबोचे गये रिजवान अहमद की गिरफ्तारी ने स्थानीय पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व एटीएस के संयुक्त कार्रवाई मे आईएसआईएस से जुड़े रिजवान को गिरफ्तार करके दिल्ली ले जाना इस बात का संकेत है कि कहीं न कहीं स्थानीय स्तर पर निगरानी मे बडी चूक हुई है। बेशक ! रिजवान अहमद कोई नया नाम नही है। वर्ष 2017 में आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता, विस्फोटक बरामदगी और अंतरराष्ट्रीय संपर्क जैसे गंभीर आरोपों के दोष सिद्ध होने के बाद वह 6 साल तक जेल में रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि जब रिजवान छह वर्षो तक सलाखों के पीछे रहा और वर्ष 2023 में जेल से छूटकर अपने गृह जनपद लौटा, तो क्या स्थानीय पुलिस को इसकी भनक नहीं थी? अगर थी, तो उस पर नजर क्यों नहीं रखी गई?



सूत्र बताते हैं कि रिजवान पडरौना में खुलेआम रहता था, वह बकायदे फूड स्टॉल चला रहा था और लोगों के बीच उठता-बैठता था। ऐसे में स्थानीय खुफिया विभाग और स्थानीय पुलिस की भूमिका पर सवाल उठना लाजिमी है। क्या कोई निगरानी तंत्र काम कर रहा था या सब कुछ कागजों तक सीमित था? जगजाहिर है कि कुशीनगर में यह पहला मामला नहीं है जब आतंकी संगठनों से जुड़े संदिग्ध की गिरफ्तारी हुई है। इससे पहले भी ऐसे मामले जिले को कलंकित कर सुर्खिया बटोर चुकी है। बावजूद इसके, न तो कोई ठोस रणनीति दिखी और न ही संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी का प्रभाव।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पूरी कार्रवाई दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने की। स्थानीय पुलिस सिर्फ सहयोगी की भूमिका में दिखी। यही वजह है कि स्थानीय लोगो के जेहन मे यह सवाल यक्ष प्रश्न बना हुआ है कि क्या कुशीनगर पुलिस को खुद कुछ पता नहीं था? क्या बाहरी एजेंसियों के भरोसे ही जिले की सुरक्षा व्यवस्था चल रही है? जिले में खुफिया विभाग की मौजूदगी कागजों में मजबूत दिखती है, लेकिन जमीन पर यह मामला उनकी सक्रियता पर गंभीर सवाल खडा करता है। सबब यह है कि रिजवान अहमद पडरौना मे महीनों से नहीं, बल्कि सालों से रह रहा था, वह बेखौफ फूड स्टॉल संचालित कर रहा था, स्थानीय लोगों के संपर्क में था और बाहर से सामान्य जिंदगी का दिखावा कर रहा था। इसके बावजूद उसकी गतिविधियां स्थानीय पुलिस व एलआईयू विभाग सहित अन्य खुफिया तंत्र के रडार पर नहीं आईं। क्या पुलिस प्रशासन की इनपुट जुटाने की प्रक्रिया कमजोर है? या फिर सूचनाओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा?

बतादे कि अतीत में भी कुशीनगर जिले में आतंकी संगठनों से जुड़े संदिग्ध पकड़े जा चुके हैं। हर बार कार्रवाई के बाद अलर्ट जारी होता है, मीटिंग होती है, निर्देश दिए जाते हैं। लेकिन जमीनी बदलाव नदारद रहता है। यहरिएक्टिव पुलिसिंग का उदाहरण है, जहां घटना के बाद हरकत होती है, पहले नहीं। कहना न होगा कि रिजवान अहमद की प्रोफाइल चौकाने वाला है। रिजवान के प्रोफाइल पर नजर दौडायें तो वर्ष 2017 में आतंकी गतिविधियों में उसकी संलिप्तता रही।

# 19 वर्षों में रंग मंच सशक्त व विश्वसनीय मंच बनकर उभरा

**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर की सांस्कृतिक धरती पर आयोजित होने वाला लोकरंग बीते 19 वर्षों में लोकजीवन, लोकसंस्कृति और जनपक्षधर विमर्श का एक सशक्त और विश्वसनीय मंच बनकर उभरा है। अपने निरंतर और प्रतिबद्ध सांस्कृतिक अभियान के दौरान लोकरंग ने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के पड़ाव तय किए हैं, जो इसे केवल एक आयोजन नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ सुभाष कुशवाहा ने बताया कि इस आयोजन में देश के प्रतिष्ठित बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों और कलाकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही है। प्रो. मैनेजर पांडेय पाँच बार इस आयोजन में शामिल होकर उद्घाटन कर चुके हैं तथा विभिन्न गोष्ठियों की अध्यक्षता भी कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रो. रविभूषण, प्रो. केदारनाथ सिंह, पंकज बिष्ट, आनंद स्वरूप वर्मा, गौहर रजा, डॉ. राम पुनियानी, तैयब हुसैन और महेश कटारे जैसे विशिष्ट जनों की सहभागिता ने लोकरंग को वैचारिक गहराई प्रदान की है। सुप्रसिद्ध साहित्यकार महाश्वेता देवी ने दसवें लोकरंग के अवसर पर अपना लिखित संदेश भेजकर इस पहल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया था।



लोकरंग की एक विशेष पहचान इसकी अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सहभागिता भी है। सूरीनाम और नीदरलैंड के सरनामी भोजपुरी गायक राजमोहन की कई बार उपस्थिति ने इस मंच को वैश्विक भोजपुरी विरासत से जोड़ा है। मॉरिशस से सरिता बुद्धू के नेतृत्व में आई ह्वगीत-गवाईह्व टीम, जो यूनेस्को की हैरिटेज सूची में शामिल है, ने भी इस आयोजन की गरिमा बढ़ाई है। इसके साथ ही गयाना और डरबन से आई गिरमिटिया परंपरा की टीमों ने प्रवासी भारतीयों की सांस्कृतिक स्मृतियों को इस मंच पर जीवंत किया है। देश के लगभग सभी हिस्सों से लोक कलाकारों की भागीदारी लोकरंग की व्यापकता का प्रमाण है। प्रत्येक वर्ष लगभग 150 कलाकार इस मंच पर अपनी प्रस्तुति देते हैं, जो विविध लोक परंपराओं का जीवंत संगम प्रस्तुत करता है। इस गँवई रंगमंच पर अब तक 36 नाटकों का मंचन हो चुका है, जिनमें लोकनाट्य सम्राट भिखारी ठाकुर के अनेक नाटक विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे हैं। इप्टा, पटना और रायगढ़ जैसी प्रतिष्ठित नाट्य संस्थाओं की भागीदारी ने भी इस आयोजन को सशक्त बनाया है।

संभावना कला मंच का पिछले लगभग 17 वर्षों से निरंतर जुड़ाव इस आयोजन की सृजनात्मक ऊर्जा को निरंतर विस्तार देता रहा है। उनके कलाकारों और चित्रकारों की सक्रिय उपस्थिति लोकरंग को एक जीवंत दृश्यात्मक आयाम प्रदान करती है। लोकरंग केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि लोकसंस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन और समकालीन संदर्भों में उसके पुनर्पाठ का एक गंभीर प्रयास है। 19 वर्षों की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि लोकजीवन की जड़ों से जुड़ी पहलें समय के साथ और भी अधिक प्रासंगिक होती जाती हैं। आगामी लोकरंग आयोजन में एक बार फिर देश-विदेश के कलाकार, साहित्यकार और चिंतक एकत्र होंगे और इस सांस्कृतिक यात्रा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराएंगे।

संक्षेप

## कुएं में गिरी युवती, बचाने कूदा युवक, दोनो गंभीर

बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सातर गांव मे एक युवती कुए मे गिर गई। उसे बचाने के लिए कूदे युवक के साथ वह भी डूबने लगी। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच कर दोनों को कुएं से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सातर गांव निवासिनी गोमती देवी पुत्री पृथ्वीराज 18 कुएं से पानी भरने गई थीं। इसी दौरान अचानक चक्कर आने से वह कुएं में गिर गई। पास मे मौजूद विवेक पुत्र रमेश18 ने गोमती को कुएं में गिरते देखा और उसे बचाने के लिए कुएं में कूद गया। इस दौरान दोनों डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने सीढ़ी और रस्सी की मदद से दोनों को कुएं से बाहर निकाला और उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बीमारी से परेशान महिला ने लगायी फांसी

बांदा। बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। पैलानी थाना क्षेत्र के खपटिहा कला गांव के शिवपाल डेरा में आशा पत्नी रामचंद्र निषाद 35 बबूल के पेड़ पर साड़ी का फंदा बनाकर झूल गई। जब किसानों ने देखा तो परिजनों को जानकारी दी। ससुर विजयपाल ने बताया कि आशा मेरे साथ घर से 1 किलोमीटर की दूर गेहूं काटने आई थी। दोपहर बाद उसने कहा कि दवाई खाने जा रही हूं और वह चली गई। रोड पर आकर नल में पानी पिया और सीधे घर से 1 किलोमीटर की दूरी पर बबूल के पेड़ पर फांसी लगा ली। मृतका की दो लड़कियां संध्या व शारदा और एक पुत्र है। पति रामचंद्र सूरत में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। ससुर विजय पाल ने बताया कि मृतका का 2 साल से टीवी का इलाज नए गांव छावनी मे चल रहा था और आयुर्वेदिक इलाज भी चल रहा था जिससे उसका दिमाग संतुलित नहीं रहता था माइंड में गर्मी आ जाती थी जिसके चलते वह पागलपन जैसी हरकत करने लगती थी। इसी वजह से उसने फांसी लगाई है। खपटिहा कलां चैकी इंचार्ज हरिशरण सिंह ने पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध प्लॉटिंग पर शीघ्र ही चलेगा बीडीए का बुलडोजर

बांदा। शहर में चल रही अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध बांदा विकास प्राधिकरण ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। बीडीए सचिव, एडीएम मदन मोहन वर्मा ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग में शीघ्र ही बुल्डोजर की कार्यवाही की जाएगी। शहर के बांदा-चिल्ला, बांदा इलाहाबाद मार्ग, नरैनी रोड, बबेरू रोड व महोबा रोड में भू माफिया बड़े पैमाने पर बगैर बीडीए से नक्सा पास कराए प्लॉटिंग कर लोगों को बेंच रहे हैं। प्लाट खरीदने वाले किसी तरह पैसे का जुगाड़ कर प्लाट खरीद रहे हैं। विक्रेता उन्हें न तो नक्सा पास कराने की जानकारी देते हैं बल्कि तरह-तरह की सुविधाओं का प्रलोभन देते हैं। अतर्रा रोड में मणि रेस्टोरेंट के सामने व बिजली पावर हाउस के बगल में की गई प्लॉटिंग का हाल तो यह है कि यहां भू माफिया ने टेलीफोन विभाग की जमीन से 25 फीट का रास्ता देने की बात ग्राहकों से की है जबकि इस रास्ते में टेलीफोन विभाग की जमीन है। रसूक के चलते इसने सरकारी जमीन को भी नहीं बक्शा है। बीडीए सचिव मदन मोहन वर्मा लगातार अवैध प्लॉटिंग पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बिना नक्सा पास कराए अवैध रूप से की गई प्लॉटिंग पर शीघ्र ही बुल्डोजर से ध्वस्तीकरण किया जाएगा। गौरतलब है कि भू माफिया प्लाट बेचकर पैसा लेने के बाद गायब हो जाते हैं लेकिन इसका खामियाजा गरीब खरीदारों को भुगतना पड़ता है। यदि इकं प्लॉटिंग के समय ही कार्यवाही करे तो प्लाट खरीदारों का नुकसान रोका जा सकता है। आखिर प्लाट खरीदने के वाला कहाँ दोषी है। विकास प्राधिकरण को चाहिए कि भू माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए प्लॉटिंग के समय ही कार्यवाही करे तो शायद किसी तरह जुगाड़ कर प्लाट खरीदने वाले नुकशान से बच जाएंगे।

# जिले में नहीं चलेगी निजी स्कूलों की मनमानी

- **अधिक फीस वसूलने, चिन्हित दुकानों से जूते, मोजे, किताबें और यूनिफार्म क्रय करने को बाध्य नहीं कर सकते निजी विद्यालय-जिलाधिकारी**
- **शासन के मानकों की अनदेखी करने वाले विद्यालयों के सम्बंध में डीआईओएस व बीएसए से एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट**
- **अभिभावकों के लिए जायेंगे बयान, आरोप सत्य पाये जाने पर सम्बंधित विद्यालयों पर होगी कठोर कार्यवाही**



ललितपुर। जनपद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू होने के साथ ही निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों से अधिक शुल्क वसूले जाने, चिन्हित दुकानों से जूते, मोजे, किताबें और यूनिफार्म आदि की अनिवार्य खरीद कराये जाने सम्बंधी अनेकों शिकायतें भी प्राप्त होने लगी हैं, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है और छात्र-छात्राओं की शिक्षा भी प्रभावित होती है। ऐसी सभी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक कर जिले के समस्त निजी, स्ववित्त पोषित विद्यालयों के सम्बंध में जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि विद्यालयों के द्वारा नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने कहा है कि जिले में निजी स्कूलों की मनमानी नहीं चलेगी, निजी विद्यालय अधिक फीस वसूलने के साथ चिन्हित दुकानों से जूते, मोजे, किताबें और यूनिफार्म आदि क्रय करने के लिए बच्चों व अभिभावकों को बाध्य नहीं कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित मानकों की अनदेखी करने वाले विद्यालयों के सम्बंध में डीआईओएस व बीएसए से एक सप्ताह में जांच रपोर्ट मांगी गई हैं, जिसमें अभिभावकों बयान भी दर्ज किये जायेंगे। यदि आरोप सत्य पाये जाते हैं तो सम्बंधित विद्यालयों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीआईओएस व बीएसए को निर्देश दिये हैं कि वे ऐसे सभी विद्यालयों के सम्बंध में बिंदुवार जांच करें कि विद्यालयों की शुल्क संरचना के सम्बन्ध में उक्त संदर्भित अधिनियम की धारा-3 (7) व 4 का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं। धारा-3 (8) में प्राविधानित है कि प्रत्येक मान्यता प्राप्त विद्यालय यह सुनिश्चित करेगा कि कोई कैपिटेशन शुल्क प्रभारित न किया जाये। विद्यालय द्वारा इसका अनुपालन किया जा रहा है अथवा नहीं। धारा-3 (10) में प्राविधानित है कि किसी छात्र को पुस्तकें, जूते, मोजे व यूनिफार्म आदि किसी विशिष्ट दुकान से कय करने के लिये बाध्य नहीं किया जायेगा। विद्यालयों द्वारा इसका अनुपालन किया जा रहा है अथवा नहीं। धारा-4 (11) में प्राविधानित है कि विद्यालय द्वारा पाँच निरन्तर शैक्षणिक वर्षों के भीतर पोशाक में परिवर्तन नहीं किया जायेगा, यदि परिवर्तन अपेक्षित हो तो इसमें परिवर्तन जनपदीय शुल्क नियामक समिति के पूर्व अनुमोदन से समुचित औचित्य के साथ किया जा सकता है। विद्यालयों द्वारा इस नियम का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं। यदि जाँच में आरोप सत्य पाये जाते हैं, तो संबंधित विद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करायी जाये।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एनाटॉमी मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

ललितपुर। मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा एनाटॉमी मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. श्रुति सिंह (विभागाध्यक्ष एनाटॉमी एवं उप प्राचार्य, एएसएमसी) एवं डॉ. मोनिका जायसवाल (सहायक आचार्य, एनाटॉमी) के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा मानव शरीर रचना से संबंधित विषयों को मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शिवम वर्मा, निशांत सिंह एवं शालिनी रहीं, जबकि द्वितीय स्थान पर दिशा सिंह, ज्योति पटेल, योगिनी पाल एवं अंकिता यादव रहीं। तृतीय स्थान पर गौरी मौर्य, भूमिका अग्रवाल, रक्षा निगम, आकांक्षा श्रीवास्तव, शिवांगी, ज्योति सलोनी गुप्ता एवं प्रेरणा आदि रहीं। प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के महत्व को समझते हुए स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प लिया।

## अवैध खनन में जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ी गयी



ललितपुर। जनपद में अवैध खनन एवं खनिज का अवैध परिवहन करने वालों पर जिला खान अधिकारी द्वारा कार्यवाहियां की जा रही हैं। जिससे अवैध खननकताओं में भय व्याप्त है। तहसील महरौनी अंतर्गत बानपुर क्षेत्र में उदया ग्राम स्थित तालाब में अवैध खनन की सूचना जैसे ही जिला खान अधिकारी अमितोष वर्मा को मिली तो खनिज विभाग की टीम हरकत में आ गई। सूचना मिलने के उपरांत खान अधिकारी प्रवर्तन दल को साथ लेकर ग्राम उदया पहुंचे रात एक बजे के करीब उन्होंने मौका मुआयना करते हुये तालाब में कुछ लोगों को जेसीबी मशीन से मिट्टी मौरम निकालकर टैक्टर ट्रॉलियों में भरते हुये पाया, जब टीम ने खनन दस्तावेज मांगे तो टीम को देखकर जेसीबी सहित टैक्टर चालक भाग निकले। टीम ने मौके पर उपखनिज मिट्टी मौरम का अवैध खनन कर रहे एक टैक्टर ट्रॉली यूपी94 वाई4772 को खनिज सहित एवं जेसीबी को मिट्टी भरते हुये पकड लिया। जिसे बानपुर थाने की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। जेसीबी रघुराज सिंह पुत्र भैयाराम सिंह निवासी उदया बानपुर की बताई गई, जिसके द्वारा मिट्टी मौरम का खनन कर पास के ग्रामों में विक्रय किया जा रहा था जिससे सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाई जा रही थी। जिला खान अधिकारी अमितोष वर्मा ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन करने वालों पर सतत निगरानी रखी जा रही है और उन्हें पकड़कर कानूनी कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। उन्होंने अवैध खननकताओं को चेताया है कि वह अवैध खनन नहीं करें, अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

# हम स्वास्थ्य को अपने जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनायें : सीएमओ

### विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सीएमओ कार्यालय में हुआ गोष्ठी का आयोजन




ललितपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित तिवारी ने बताया कि आज पूरी दुनिया विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। इस वर्ष का यह आयोजन केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक आह्वान है कि हम स्वास्थ्य को अपने जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएँ। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर आई स्वास्थ्य चुनौतियों ने हमें यह सिखाया है कि बिना एक मजबूत स्वास्थ्य ढांचे और व्यक्तिगत जागरूकता के आर्थिक और सामाजिक प्रगति अधूरी है। आज का दिन हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य केवल बीमारियों की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ होने की एक अवस्था है। वर्तमान समय में हमारी जीवनशैली में आए बदलावों ने गैर-संचारी रोगों जैसे मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप के खतरों को बढ़ा दिया है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने बताया कि आज के इस दौर में जंक फूड और प्रोसेस्ड डाइट ने हमारे पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन की जगह ले ली है, जिसके गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। हमें पुनः अपनी जड़ों की ओर लौटने की आवश्यकता है, जहाँ ताजी सब्जियां, फल और मोटे अनाज हमारे आहार का मुख्य हिस्सा हुआ करते थे। अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं को नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। हमें एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना होगा जहाँ लोग बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी मानसिक स्थिति पर चर्चा कर सकें और पेशेवर से मदद ले सकें। ध्यान, गहरी नींद और अपनों के साथ बिताया गया समय मानसिक तंदुरुस्ती के लिए अचूक औषधि है। टीकाकरण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जागरूकता ही हमें बड़ी महामारियों से बचा सकती है। प्रदूषण का बढ़ता स्तर हमारे श्वसन तंत्र के लिए एक बड़ा खतरा है। ऐसे में अधिक से अधिक वृक्षारोपण और स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। साथ ही, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और कचरा प्रबंधन के प्रति सामुदायिक भागीदारी से हम संक्रामक रोगों के प्रसार को काफी हद तक रोक सकते हैं। गोष्ठी के अंत में प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित तिवारी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर हम उन सभी डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जो दिन-रात मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। यह दिन हमें संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है कि हम न केवल स्वयं स्वस्थ रहेंगे, बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। आइए आज हम सब मिलकर एक ऐसे समाज की शपथ लें जहाँ स्वास्थ्य के संसाधन सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध हों और हर व्यक्ति एक लंबी, खुशहाल और रोगमुक्त जिंदगी जी सके। याद रखें, हमारा स्वास्थ्य ही हमारी असली पूंजी है और इसकी रक्षा करना हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है।

# एसपी ने की वर्चुअल जनसुनवाई



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## 8 और 9 अप्रैल को वज्रपात के साथ आंधी-तूफान की संभावना

महोबा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा एलर्ट जारी किया गया है कि 8 और 9 अप्रैल को मेघागर्जन /वज्रपात/ आंधी तूफान होने की संभावना है। जनसाधारण को बचाव हेतु जिलाधिकारी द्वारा एडवाइजरी जारी की गया है कि पशु हानि से बचाव हेतु खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधे, पेड़ के नीचे, टीन शेड के नीचे न बांधे। पशुओं को चरही के लिए न छोड़ें, क्योंकि पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं जो सुरक्षित नहीं है। खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें, छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करें, पेड़ के नीचे न छिपे, जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपे, पैर के नीचे सुखी लकड़ी, पत्ते रखें। बारिश के समय बर्तन, नहाने या कपड़े न धुलें। किसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तु टीवी कुलर या अन्य वस्तु को न छुएं। मोबाइल फोन पर बात न करें, जर्जर मकान से दूर रहें।

# डीएम ने पीएनजी पाइप लाइन गैस आपूर्ति कनेक्शन में धीमी प्रगति पर लगायी फटकार



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने घरेलू उपभोक्ताओं को पाइप लाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाये जाने के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में जिला बिजनौर में निर्धारित लक्ष्य नौ हजार परिवारों के सापेक्ष मात्र पन्द्रह सौ घरों को पीएनजी पाइप लाइन गैस आपूर्ति कनेक्शन से आच्छादित किए जाने की अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़े निर्देश दिए कि जल्द से जल्द लक्ष्य के सापेक्ष सभी परिवारों को पीएनजी के कनेक्शन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खाड़ी युद्ध के दृष्टिगत घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, यदि एजेंसी द्वारा निर्धारित समय में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध करा दिए जाते तो उपभोक्ताओं को राहत प्राप्त होती। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं को कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं उनकी सप्लाई प्रभावित न होने पाए। उन्होंने पीएनजी प्रबंधक द्वारा मुख्यालय पर डिपो के लिए जगह उपलब्ध कराए जाने की मांग पर उप जिलाधिकारी (सदर) को उक्त संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## मुरादाबाद में 11 अप्रैल को होगा उपज का एक दिवसीय प्रांतीय अधिवेशनः प्रदेश अध्यक्ष

बिजनौर। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इण्डिया) एनयूजे की राज्य शाखा उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) का एक दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन 11 अप्रैल को मुरादाबाद में होगा। उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे। उपज के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुरादाबाद में दिल्ली मार्ग स्थित उप्र पर्यटन निगम के होटल राही में आयोजित अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में पूर्व मंत्री और पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चैधरी भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व कुलपति बल्देव भाई शर्मा, विधान परिषद सदस्य डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, एनयूजे के राष्ट्रीय महासचिव त्रियुग नारायण तिवारी विशिष्ट अतिथि होंगे। अधिवेशन में प्रदेश के सभी जनपदों से डेलीगेट भाग लेने पहुंचेंगे।

## डीएम जसजीत कौर के दरबार में मामला पहुंचने पर हुई सख्त कार्रवाही ...

- **सील होने के बावजूद अवैध रूप से आरा मशीन के संचालन पर मुकदमा दर्ज**

बिजनौर। शासकीय आदेशों की अवहेलना कर वन विभाग द्वारा सील की गई आरा मशीन के अवैध संचालन के गंभीर प्रकरण में प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि सील्ड आरा मशीन के संचालन के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर जांच की गई, जिसमें यह तथ्य प्रकाश में आया कि जानी चैराहा क्षेत्र स्थित आरा मशीन, जिसे पूर्व में वन विभाग सक्षम प्राधिकारियो द्वारा विधिवत सील किया गया था, को जानबूझकर क्षतिग्रस्त कर पुनः संचालित किया जा रहा था। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि आरा मशीन स्वामी हुमा तालिब व उनके पति मौ0 तालिब तथा परिवार के अन्य सदस्य मौ0 खालिद, मौ0 आबिद द्वारा जान-बूझकर मशीन की सील को क्षतिग्रस्त कर संचालन किया गया। साथ ही आरा मशीन का नवीनीकरण भी नहीं कराया गया था तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा सील न खोलने के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद उसका उल्लंघन किया गया। अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित सभी व्यक्तियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश आरामिल स्थापना विनियमन 2018 के नियम-5/8 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई है। साथ ही थाना कोतवाली शहर में उक्त प्रकरण में बीती 04 अप्रैल को मुकदमा अपराध संख्या-0265/26 पंजीकृत कराया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है, इसके अतिरिक्त सील्ड आरा मशीन संचालन के संबंध में वन विभाग के अधिकारियों की भूमिका के संबंध में शासन को भी अवगत कराया गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्पष्ट किया है कि जनपद में शासनादेशों की अवहेलना एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध शून्य की नीति अपनाई जा रही है तथा भविष्य में भी दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



## वैश्य नेता राम औतार गुप्त को किया नमन



फतेहपुर। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के संरक्षक एवं समाजसेवी स्व. राम औतार गुप्त की 30वीं पुण्यतिथि पर राधानगर चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अमल में लाने का संकल्प लिया गया। इस भावपूर्ण कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों, परिजनों और राजनीतिक नेताओं ने एकजुट होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए मुख्य अतिथियों ने किया माल्यार्पणकार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व न्यायमंत्री बाबू राधेश्याम गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव तथा नगर पालिका परिषद चेयरमैन राजकुमार मौर्य उपस्थित हुए। उन्होंने स्व. राम औतार गुप्त कीप्रतिमा पर पुष्पमालाएं चढ़ाईं और उनके जीवन मूल्यों पर चलने का संकल्प दोहराया। परिजनों सहित बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भी भाग लेकर इस अवसर को यादगार बनाया। वक्ताओं ने की स्व. गुप्त की भूरि-भूरि प्रशंसामुख्य अतिथि पूर्व न्यायमंत्री राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि स्व. राम औतार गुप्त न केवल एक सफल व्यापारी थे, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में उनकेयोगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने समाज सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाया और वैश्य समाज को नई दिशा प्रदान कीभाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने जोर देकर कहा कि वैश्य समाज को एकजुट करने में स्व. राम औतार गुप्त का योगदान अतुलनीय है। उनके प्रयासों से समाज संगठित हुआ और आज भी उनके सिद्धांत प्रासंगिक हैं। वैश्य समाज को एक सूत्र में बांधने में उनकी भूमिका सराहनीय रही।बड़ी संख्या में उपस्थित रहे समाजबंधुकार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरूण जायसवाल, महेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र शरण सिंपल, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. अनिल चंद्रा, संजीव गुप्ता, राजीव गुप्ता, साकेत गुप्ता, गौरव गुप्त,बद्री गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, दिनेश शर्मा, बुद्वराज धाकड़ी, मोनू रस्तोगी, पवन, अशोक गुप्त, लवकुश गुप्त आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अपना दल एस की मानसिक बैठक संपन्न

फतेहपुर अपना दल एस की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय पटेल नगर में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल की अगवाई में हुई संचालन जिला महासचिव अरुण पटेल ने किया बैठक के मुख्य बिंदु विधानसभा अध्यक्ष के काम की समीक्षा जिला कार्यकारिणी का गठन एवं समीक्षा एवं विधानसभा वार्ड जॉन अध्यक्षों का गठन 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती प्रत्येक जनपद में राष्ट्रीय पदाधिकारी आएंगे संगठन का आकलन होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन जिला स्तर में मनाए जाने का प्रोग्राम चुनाव प्रचार एवं संगठन विस्तार के साथ ओलावृष्टि एरिया का आकलन भी करना है जिससे किसान लोगों की मदद हो सके नव नियुक्त कमेटी की घोषणा की गई शिव प्रकाश रावत जिला अध्यक्ष एससी एसटी मंच राज बहादुर पासवान विधानसभा उपाध्यक्ष बिंदकी अंकित पासवान जोन अध्यक्ष तेलियानी से विधान सभा बिंदकी कप्तान सिंह विधानसभा अध्यक्ष अयाह शाह शुभम पटेल बूथ अध्यक्ष विधानसभा बिंदकी सुनील पटेल विधानसभा अयाह शाह सुरेंद्र सिंह यादव विधानसभा उपाध्यक्ष आयाह शाह रामू जोंन अध्यक्ष पश्चिम आयाह शाह और प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर शैलेंद्र पटेल अरुण पटेल बृजेश पाल पदम सिंह पटेल गोवर्धन पटेल योगेंद्र प्रताप सिंह कप्तान सिंह विपिन कौशल शिवशरण निषाद विजयपाल सिंह दीपू पटेल मोहम्मद उस्मान हेमंत पटेल राजेश पटेल लईक अहमद सूरज भान नीरज साहू रामकिशोर पंकज पटेल रामकिशोर रामसेवक रवि साहू कांति कुशवाहा सनी श्रीवास्तव सुमन मौर्य रानी पटेल राजकुमार उमराव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जनगणना को लेकर बैठक, दो चरणों में होगा कार्य



बांदा। जनगणना को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 2026 में की जाएगी। जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना वर्ष 2027 में होगी। उन्होने बताया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना कार्य किया जाएगा। उन्होने कहा कि कोई भी घर छूटने न पाए। जनगणना के आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं, संसाधन के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परीसीमन के आधार पर बनते हैं। प्रशिक्षण में जानकारी दी गयी कि 7 से 21 मई तक परिवार के लोग स्वगणना कर सकते हैं। इसके बाद इसकी सूचना गणना होने पर कर्मचारियों को देनी आवश्यक है। 22 मई से 20 जून तक सुपरवाइजर जनगणना ब्लाक में जनगणना करेंगे। इसके लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए फील्ड कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। निर्देश दिए कि एचबीएल हाउस लिस्टिंग ब्लाक बहुत ही सावधानी के साथ बनाए जाएं। उन्होने बताया कि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत व तहसीलदार चार्ज अधिकारी होंगे और जनगणना कराने की जिम्मेदारी इनकी होगी। जनगणना की रिकॉर्ड सूचियों को गोपनीय रखा जाएगा। सुपरवाइजर अपने क्षेत्र में जाकर भ्रमण कर 5 दिनों में अपने क्षेत्र का निर्धारण करेंगे। पर्यवेक्षकों के पास मकानों में प्रवेश करने, नंबर डालने व जनगणना प्रश्नों को पूंछकर कार्य करेंगे। भवनों, जनगणना मकानों की संख्या व नजरी नक्सा भी सावधानी से तैयार किया जाएगा। इसमें संबंधित अधिकारियों एवं विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। बैठक में मुख्य गणना इंचार्ज शैलेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, सभी एसडीएम, बीडीओ, पीडी डीआरडीए, डीपीआरओ, डीआईओएस व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ई-ऑफिस, जनसुनवाई निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं



बांदा। आयुक्त अजीत कुमार ने मण्डलीय अधिकारियों के साथ ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन, ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण, ऑनलाइन जनसुनवाई का निस्तारण के बाद फीडबैक की समीक्षा की। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली का शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए और किसी भी स्तर पर ऑफलाइन पत्रावली का प्रयोग न किया जाए। कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता सर्वोपरि है। आयुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल पर मिली शिकायतों के निस्तारण के बाद होने वाले फीडबैक की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि केवल औपचारिक निस्तारण पर्याप्त नही है, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करना जरूरी है। आयुक्त ने मंडल के सभी अपर जिलाधिकारी, वित्त राजस्व, उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों के साथ राजस्व वादों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की और लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि राजस्व वादों में अनावश्यक विलंब कतई स्वीकार नही है। अधिकारी नियमित रूप से न्यायालयों की समीक्षा करें। उन्होने कार्यालय आयुक्त स्तर से प्रेषित शिकायती पत्रों की आख्या समय से उपलब्ध न कराए जाने पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से आख्या प्रेषित करें।

## मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सामान जलकर राख

बांदा। सोमवार की देर रात लगभग 2 बजे थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम नाँदादेव में शॉर्ट सर्किट से रिहायशी मकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार आग रामजीत सिंह गौर पुत्र दयाराम और धर्म सिंह चैहान पुत्र वीरेंद्र सिंह चैहान के मकानों में लगी। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। आग लगने से दोनों परिवारों का भारी नुकसान हुआ है। धर्म सिंह चैहान का लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ, जबकि रामजीत सिंह गौर को करीब 30 हजार रुपये की क्षति पहुंची है। आग से घर में रखा अनाज, भूसा और अन्य घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। ग्रामीणों की तत्परता से आग को समय रहते बुझा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना के बाद राजस्व विभाग को अवगत करा दिया गया है।

